सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) ₹106433/-
22 कैरेट रेट (91.60%) ₹129990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) ₹141897/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNAND Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026



## गीदम, कुनकुरी, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर, कबीरधाम कालेज में 50-50 सीटों को एनएमसी की मंजूरी

# छग में अब 15 सरकारी मेडिकल कालेज, यहां 2600 विद्यार्थियों को मिलेगा एमबीबीएस करने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में इस बार 15 शासकीय मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की 2600 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश का मौका मिलेगा। एनएमसी ने गीदम, कुनकुरी, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर, कबीरधाम के शासकीय मेडिकल कालेज की 50-50 सीटों को मंजूर दे दी है। इन नए कालेजों को प्रारंभ करना राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना थी। नए कालेजों में पढ़ाई की शुरुआत से ज्यादा लोगों को डाक्टर बनने का मौका मिलेगा। एनएमसी ने पहले पुराने दस शासकीय कालेजों की सीटों का रिनीवल किया था। इसके बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की 20 नई सीटों को स्वीकृति देकर कुल संख्या 250 की गई है। इसके बाद रविवार को पांच नए मेडिकल कालेज गीदम (दंतेवाड़ा), कुनकुरी (जशपुर), मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी, जांजगीर-चांपा और कबीरधाम मेडिकल कालेज में 50-50 यानी कुल 250 सीटों को (एलओपी) अनुमति दी गई। इन कालेज को हरी झंडी मिलने के बाद प्रदेश में कुल 2600 सीटों की क्षमता वाले 15 शासकीय मेडिकल कालेज हो गए हैं। शुरुआती दौर में इन कालेजों ▶▶| शेष पेज 6 पर



### चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास का ऐतिहासिक पड़ावः साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास का ऐतिहासिक पड़ाव बताया है। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में स्वास्थ्य और शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य ऐसा सुदृढ़, समावेशी और आधुनिक स्वास्थ्य तंत्र विकसित करना है, जहां प्रदेश का कोई भी युवा डॉक्टर बनने के अपने सपने से वंचित न रहे और किसी भी नागरिक को बेहतर उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी नक्सल हिंसा से प्रभावित रहे गीदम (दंतेवाड़ा) से लेकर उत्तर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कुल कालेज और सीट शासकीय

| | | | |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 250 | महासमुंद | 125 |
| बिलासपुर | 150 | दुर्ग | 200 |
| नांदगांव | 125 | गीदम | 50 |
| जगदलपुर | 125 | कुनकरी | 50 |
| अंबिकापुर | 125 | मनेन्द्रगढ़ | 50 |
| रायगढ़ | 100 | जांजगीर | 50 |
| कांकेर | 125 | कबीरधाम | 50 |
| कोरबा | 125 | | |

### प्राइवेट मेडिकल कालेज (वर्तमान स्थिति)

| | |
|---|---|
| श्री बालाजी | 250 |
| श्री शंकराचार्य | 250 |
| श्री रावतपुरा | 100 |
| रिम्स | 150 |
| स्व. अभिषेक मिश्रा स्मृति | 150 |

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए 7754 श्रद्धालु रवाना



**जम्मू।** कश्मीर घाटी में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को 7,700 से अधिक श्रद्धालुओं का 12वां जत्था जम्मू में दो आधार शिविरों से रवाना हुआ। अब तक, 2,52,000 से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में भगवान शिव के 'हिमलिंगम' के दर्शन कर चुके हैं।

### शोभायात्रा में ट्रक घुसा तीन महिलाओं की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में वारकरी समुदाय की 'वारी' शोभायात्रा के साथ चल रहे एक ट्रक ने वारकरियों (भगवान विट्ठल के भक्तों) को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। लोहा से रंगनाथ महाराज की 'डिंडी के एक ट्रक ने जेजुरी की ओर बेल्सर टोल नाके से 500 मीटर दूर सांगली जिले के कसबेदिगराज की 'डिंडी' के वारकरियों के एक समूह को टक्कर मार दी।

### तमिल गीतकार वैरामुथु को ज्ञानपीठ पुरस्कार



**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित तमिल गीतकार और वरिष्ठ लेखक आर. वैरामुथु को सोमवार को यहां 60वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाज़ा गया। वैरामुथु को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने कार्यक्रम में 2025 के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। वह यह पुरस्कार पाने वाले तीसरे तमिल लेखक और पहले तमिल कवि बन गए हैं। संयोग से आज उनका 73वाँ जन्मदिन है।

### ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, दो बच्चों समेत तीन की मौत

**कानपुर।** कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र में रूमा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के खड़े ट्रक से टकराने से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार हरियाणा के सिरसा से बिहार जा रहा था। हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। स्कॉर्पियो चालक दूसरे वाहन से आगे निकलने की कोशिश में नियंत्रण खो बैठा और वाहन खड़े ट्रक से जा टकराया।

### अभिनेता सैम नील का 78 वर्ष की उम्र में निधन



**वेलिंगटन।** 'जुरासिक पार्क' में डायनॉसोर से बचने की कोशिश करते नजर आए और 'द पियानो' में हॉली हंटर के पति की भूमिका निभाने वाले बहुमुखी अभिनेता सैम नील का 78 वर्ष की उम्र निधन हो गया है। नील का निधन सोमवार को सिडनी में हुआ। नील ने 2023 में बताया था कि उन्हें एंजियोइम्यूनोब्लास्टिक टी-सेल लिम्फोमा की समस्या हो गई है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- यह मामला छत्तीसगढ़ से संबंधित नहीं

# छग विस में राम-राम, चढ़ावा चोरी पर स्थगन का नोटिस रद्द, जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन सदन में कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर में दान की राशि और मूल्यवान सामाग्री की चोरी की घटना को लेकर स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से चर्चा की मांग की। इसे लेकर सदन में हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।**



शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर में दान की राशि और मूल्यवान सामग्री की चोरी और लूट की घटना को लेकर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। चरणदास महंत ने दावा किया कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा, लोगों ने राममंदिर के लिए अपनी मेहनत की कमाई दान की थी, लेकिन उनकी आस्था और भरोसे के साथ धोखा हुआ है। स्थगन प्रस्ताव पर बीजेपी के सीनियर विधायक अजय चंद्राकर ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, हालांकि यह आस्था का मामला है, लेकिन यह ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में चर्चा की जाए। कांग्रेस सदस्यों ने जवाब दिया कि छत्तीसगढ़ के लोगों ने भी राम मंदिर के निर्माण ▶▶| शेष पेज 6 पर

### भूपेश बघेल ने लगाया आरोप



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के लिए दिए गए चढ़ावे की लूट हुई है। उन्होंने कहा, जब शिलापूजन के लिए राज्य से पैसा गया, छत्तीसगढ़ के लोगों ने वहां जाकर चंदा दिया, जिसकी डकैती डल गई। उस पर चर्चा पर आपत्ति क्यों? हमारे पैसे की डकैती हुई है, तो इस पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती। अयोध्या में निर्माण कार्य में 40 फ़ीसदी तक कमीशन लिया गया। अजय चंद्राकर ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मामला छत्तीसगढ़ का नहीं है




विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा, उन्हें कांग्रेस सदस्यों से इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस मिले थे, लेकिन उन्होंने इसे खारिज कर दिया, क्योंकि यह मामला छत्तीसगढ़ से संबंधित नहीं है। अध्यक्ष के फैसले के बाद कांग्रेस विधायक चर्चा की मांग पर अड़े रहे, जिससे अध्यक्ष को कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

**महंत ने कहा- करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा**

### सदन की कार्यवाही स्थगित

जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तब विपक्ष ने फिर से यह मुद्दा उठाया और राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का आरोप लगाने वाले पोस्टर दिखाए। अजय चंद्राकर ने कहा, अध्यक्ष अपना फैसला सुना चुके हैं और बार-बार यह मुद्दा उठाना उनका अपमान है। लगातार हंगामे के बीच अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।



### धरमलाल और राघवेंद्र उत्कृष्ट विधायक, कल होगा सम्मान

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वर्ष 2025 के लिए उत्कृष्ट विधायक सत्ता पक्ष से धरमलाल कौशिक और विपक्ष से राघवेंद्र कुमार सिंह को घोषित किया है। वहीं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार के रूप में संतराम साहू और इलेक्ट्रानिक मीडिया से सौरभ सिंह परिहार तथा डॉ. राजेश राज के नाम की घोषणा की है। डॉ. रमन बताया कि नए विधानसभा में नए प्रेक्षागृह का लोकार्पण और उत्कृष्ठता अलंकरण कार्यक्रम का आयोजन 15 जुलाई को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका होंगे।

## केंद्र, यूपी सरकार और ट्रस्ट को नोटिस, एसआईटी से मांगी स्टेटस रिपोर्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इसमें अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के लिए मिले दान में कथित गड़बड़ी की स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाओं पर जवाब मांगा है। शीर्ष कोर्ट ने एसआईटी से जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगा है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित रखने के लिए भी कहा है। सुप्रीम कोर्ट में अब मामले की सुनवाई अगले सोमवार को होगी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी नोटिस जारी किया।

### ट्रस्ट के सीईओ के लिए आवेदन आमंत्रित

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में राम मंदिर के पहले सीईओ के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए, अंतिम तिथि 18 जुलाई है। योग्य उम्मीदवार श्री राम जन्मभूमि मंदिर के सीईओ पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री, 50 से 70 वर्ष की आयु तथा किसी बड़े सार्वजनिक संगठन, संस्थान, सरकारी विभाग या कंपनी में कम से कम 20 वर्ष के प्रबंधकीय अनुभव को अनिवार्य योग्यता निर्धारित किया है।

## खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा महंगाई 4.38 फीसदी

# फिर फूटा महंगाई बम, जून में लगा तगड़ा झटका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से देश में खुदरा मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जो भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। मई में यह 3.93 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 5.32 प्रतिशत हो गई, जबकि मई में यह 4.78 प्रतिशत थी। नए आधार वर्ष 2024 वाली श्रृंखला के तहत खुदरा मुद्रास्फीति पहली बार चार प्रतिशत के स्तर के पार गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जून में सबसे अधिक महंगाई चांदी, सोना, हीरा एवं प्लैटिनम के आभूषण, अदरक, टमाटर और किशमिश एवं मुनक्का की कीमतों में दर्ज की गई। दूसरी तरफ, आलू, मटर, कार एवं जीप, जीरा तथा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर जैसी वस्तुओं में अपेक्षाकृत कम महंगाई रही।

### खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा बजट

महंगाई के इस आंकड़े में सबसे ज्यादा असर खाने-पीने के सामान पर दिखा है। जून में खाद्य महंगाई दर 5.32 फीसदी पर पहुंच गई, जो मई में 4.78 फीसदी थी। अगर इसे और बारीकी से देखें, तो ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई 5.45 फीसदी और शहरों में 5.09 फीसदी रही। हालांकि, कुछ सब्जियों ने थोड़ी राहत जरूर दी है। आलू की कीमतों में जून में 20.34 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई (मई में यह 23.71 फीसदी गिरी थी)। वहीं, टमाटर जो पिछले साल मई में 48 फीसदी से ज्यादा महंगा हो गया था। उसके दाम में भी इस बार 31.92 फीसदी की गिरावट आई है।


### पेट्रोल-डीजल ने बिगाड़ा खेल

सिर्फ खाना ही नहीं, बल्कि अब सफर करना और सामान की ढुलाई भी महंगी हो गई है। जून में ट्रांसपोर्ट महंगाई दर 4.31 फीसदी हो गई। इसकी बड़ी वजह यह रही कि सरकारी तेल कंपनियों ने मई के दौरान पेट्रोल-डीजल की कीमतों में चार बार बढ़ोतरी की थी। इसका सीधा असर माल ढुलाई (गुड्स ट्रांसपोर्ट सर्विस) पर पड़ा है, जिसकी महंगाई दर उछलकर 7.70 फीसदी पर पहुंच गई है।

### कच्चे तेल से और बढ़ सकती है टेंशन

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आगे का रास्ता भी आसान नहीं है। 'अल नीनो' के चलते अगर इस साल मानसून कमजोर रहता है, तो फसलों की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। भारत में खेती काफी हद तक दक्षिण-पश्चिम मानसून पर निर्भर है, दूसरी तरफ, दुनिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव की वजह से कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक देश है। ऐसे में ग्लोबल मार्केट में ऊर्जा महंगी होने से देश का चालू खाता घाटा बढ़ सकता है, रुपया कमजोर हो सकता है और आयातित महंगाई का खतरा पैदा हो सकता है।

# तस्करों से 440 से ज्यादा लुप्तप्राय जीव जब्त




### वन्य जीव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 33 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खुफिया जानकारी के आधार पर गैर-कानूनी वन्यजीव तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियानों के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय ने देशभर में समन्वित अभियानों के दौरान 440 लुप्तप्राय/ संरक्षित वन्यजीवों और लगभग 15 किलोग्राम हाथी दांत की वस्तुओं और हाथीदांत को जब्त किया है। वन्यजीव तस्करी में शामिल 33 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## दो साल के विकास और प्रगति पर होगी चर्चा

# हरिभूमि-आईएनएच का संवाद कार्यक्रम 19 को



डॉ. हिमांशु द्विवेदी



डॉ. रमन सिंह



संतोष पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

प्रदेश की भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर हरिभूमि-आईएनएच जिला स्तर पर जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस आयोजन में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी द्वारा विगत दो वर्ष के दौरान राजनांदगांव जिले में किए गए विकास कार्यों एवं आने वाले समय में प्रगति की संभावनाओं के साथ ही जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। खास बात यह है कि कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे सहित जिले के सभी विधायकों और भाजपा और कांग्रेस से जुडे नेताओं के साथ साथ प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रहेगी। ▶▶| शेष पेज 6 पर

## हाथ-पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसा, पुलिस कर रही मामले की जांच

# बाल संप्रेक्षण गृह में चौकीदार की हत्या कर भागे 4 नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



शहर के नूतन चौक स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में रखे गए 4 नाबालिगों ने बीती रात चौकीदार से मारपीट की, फिर उसके हाथपैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, दम घुटने से चौकीदार की मौत हो गई। वारदात के बाद चारों अपचारी बालक फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस के अलावा कलेक्टर, एसएसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शाम तक आरोपी पकड़े नहीं गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में नरेंद्र कुमार खाण्डे 42 वर्ष, पिता फेंकूलाल खाण्डे, सहायक सह रात्रि चौकीदार के रूप में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी कर रहा था। रविवार की रात 11 बजे संप्रेक्षण गृह में बंदी के तौर पर रखे गए 4 नाबालिगों ने पहले टायलेट जाने का बहाना बनाया, नरेंद्र ने जैसे ही दरवाजे का ताला खोला, चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मृतक के परिजनों ▶▶| शेष पेज 6 पर



### मामले की जांच की जा रही

पुलिस मामले की जांच कर रही है, आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे की भी बारिकी से जांच की जा रही है। अब तक आरोपी पकड़े नहीं गए हैं।

निमितेश सिंह, सीएसपी

### आरोपी घटना के बाद से हुए फरार

वारदात को 4 नाबालिग बंदियों द्वारा अंजाम दिया गया है । आरोपियों में 3 रायगढ़ और 1 कोरबा जिले का रहने वाला है। ये सभी गंभीर अपराधों में बाल संप्रेक्षण गृह में बंद थे, वारदात को अंजाम देने के बाद चारों बालक बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है।

**371 ग्राम का सर्वेक्षण जारी**
**375 का शुरू नहीं हुआ**

# राजस्व मंत्री ने कहा- छत्तीसगढ़ में 746 ग्राम का सर्वेक्षण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत गांवों के बंदोबस्त का मामला विधानसभा में उठा।



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव के सवाल के जवाब में बताया कि प्रदेश में 746 ग्राम असर्वेक्षित हैं, जिनमें से 371 ग्राम में सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है। वहीं 375 ग्राम में सर्वेक्षण शुरू नहीं हुआ है।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने राजस्व मंत्री से पूछा कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत किसी भी गाँव का बंदोबस्त हर कितने साल में होना होता है? राज्य में ऐसे कितने गाँव हैं, जिनका बंदोबस्त राज्य गठन के बाद से अब तक नहीं हुआ है? ऐसे गाँवों का बंदोबस्त नहीं होने के लिए कौन जिम्मेदार है, और इन गाँवों के बंदोबस्त कब तक कर लिए जाएंगे? राजस्व मंत्री ने बताया कि सर्वेक्षण का कार्य चरणबद्ध रूप से स्वीकृत योजना, वित्तीय प्रावधान, तकनीकी संसाधन की उपलब्धता के आधार पर संपादित किया जाता है। अतः ऐसे गावों का सर्वेक्षण नहीं होने के लिये किसी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। शेष गांवों के सर्वेक्षण की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।




### 19805 ग्राम सर्वेक्षित

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने जवाब में कहा, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत किसी भी गाँव का सर्वेक्षण एवं भू-राजस्व का निर्धारण सामान्यत 30 साल में होना होता है। राज्य में कुल 20551 राजस्व ग्राम हैं, जिसमें से 19805 ग्राम सर्वेक्षित है। 746 ग्राम असर्वेक्षित है, जिसमें से 371 ग्राम में सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है एवं 375 ग्राम में सर्वेक्षण शुरू नहीं हुआ है।

# विधानसभा में डॉ. तीजन बाई को दी गई श्रद्धांजलि

**सीएम बोले- छत्तीसगढ़ की लोककला को दिलाई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान**



छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, गजेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सत्ता और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. विष्णुदेव साय ने कहा, डॉ. तीजन बाई ने पंडवानी की कापालिक शैली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए छत्तीसगढ़ की लोककला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। उन्होंने कहा, उनकी ओजस्वी वाणी, सशक्त अभिनय और जीवंत प्रस्तुति ने दुनिया भर के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने उनके जीवन को संघर्ष, साधना और समर्पण का प्रतीक बताते हुए कहा, सामाजिक रूढियों को चुनौती देकर उन्होंने महिलाओं के लिए नई राह बनाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनीं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, यह पहली बार है जब सदन में पद्म सम्मान से सम्मानित किसी विभूति को श्रद्धांजलि दी जा रही है। उन्होंने कांग्रेस विधायक दल की ओर से डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, डॉ. तीजन बाई ने अपनी कला से छत्तीसगढ़ का गौरव विश्व पटल पर स्थापित किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, सीमित संसाधनों और शिक्षा के अभाव के बावजूद उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। उनका जीवन संघर्ष और कर्म सभी के लिए प्रेरणादायी है। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने भी उनके संघर्षपूर्ण जीवन और लोककला के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा, उनका निधन केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की लोककला के लिए बड़ी क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में मंत्री गजेंद्र यादव सहित विधायक किरण सिंह देव, अनुज शर्मा, अनिला भेडिय़ा, कुँवर सिंह निषाद और भैया लाल कोरसेवाड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद सदन ने दिवंगत लोककला साधिका के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा और कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी।

## ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचे मंत्री और विधायक

विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन महिला सशक्तिकरण का संदेश देने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और विधायक ललित चंद्राकर पिंक ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सरकार की महिला स्वावलंबन योजना को बढ़ावा देते हुए आम लोगों से भी पिंक ई-रिक्शा का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, पिंक ई-रिक्शा योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा, यदि लोग अधिक से अधिक पिंक ई-रिक्शा का उपयोग करेंगे तो पिंक दीदियों की आय बढ़ेगी और उन्हें स्थायी रोजगार मिलेगा।

**महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश**



## पुलिस भर्ती में फिजिकल टेस्ट के पहले हुईं प्रेग्नेंट, दोबारा परीक्षा के लिए महिला अभ्यर्थियों ने दायर की याचिका

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में प्रेग्नेंसी के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नहीं हो सकीं महिला अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने अपने पूर्व के आदेश को वापस लेते हुए कहा है कि लंबी भर्ती प्रक्रिया के दौरान गर्भवती हो जाने वाली महिला अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट स्थगित करने का अधिकार है या नहीं, इस महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न पर पहले कभी निर्णय नहीं हुआ था। इसलिए इसे पहले के फैसले से तय मानकर याचिका खारिज करना रिकॉर्ड पर स्पष्ट त्रुटि थी। जस्टिस एके प्रसाद ने याचिका स्वीकार करते हुए 16 जनवरी 2026 को पारित आदेश को वापस ले लिया और रोशनी केरकेट्टा सहित सभी संबंधित



याचिकाओं को मूल क्रमांक पर बहाल कर मेरिट के आधार पर सुनवाई के लिए संबंधित बेंच के समक्ष भेजने का निर्देश दिया है। वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद कई महिला अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा पीपीटी से पहले गर्भवती हो गई। उनका कहना था कि भर्ती प्रक्रिया में असामान्य देरी के कारण वे गर्भवती हुईं, इसलिए उन्हें छह माह बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा देने का अवसर दिया जाए। हाईकोर्ट ने 16 जनवरी 2026 को यह कहते हुए उनकी याचिकाएं खारिज कर दी थी कि यह मुद्दा पहले ही एक अन्य मामले में तय हो चुका है। इसके बाद रोशनी केरकेट्टा ने रिव्यू पिटिशन दायर की थी।

**रिव्यू पिटीशन पर कोर्ट ने की टिप्पणी**-याचिका की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि जिस पुराने फैसले को आधार बनाकर याचिका खारिज की गई थी, उसमें गर्भावस्था के कारण फिजिकल टेस्ट स्थगित करने के प्रश्न पर कोई स्पष्ट निर्णय ही नहीं दिया गया था। केवल किसी पक्ष की दलील का उल्लेख कर देना, उस मुद्दे पर फैसला माना नहीं जा सकता। कोर्ट ने कहा कि कोई निर्णय केवल उसी बात का नजीर होता है, जिस पर वास्तव में फैसला दिया गया हो। जिस मुद्दे पर विचार ही नहीं हुआ, उसे पहले से तय विवाद नहीं माना जा सकता।

### सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का भी हवाला

हाईकोर्ट ने कहा कि यदि कोई आदेश इस गलत धारणा पर आधारित हो कि संबंधित कानूनी प्रश्न पहले ही तय हो चुका है, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है, तो यह रिकॉर्ड पर स्पष्ट त्रुटि है और समीक्षा अधिकार का प्रयोग किया जा सकता है। कोर्ट ने हाल के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का भी हवाला देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में समीक्षा न केवल उचित बल्कि आवश्यक है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है, जब किसी साझा आदेश के विरुद्ध एक याचिकाकर्ता की समीक्षा याचिका सफल हो जाती है, तो उसका लाभ उसी आदेश से प्रभावित सभी संबंधित पक्षों को मिलेगा, भले ही उन्होंने अलग से रिव्यू याचिका दायर न की हो।

**रेलवे का बड़ा बदलाव : जन विश्वास अधिनियम के तहत नियमों में संशोधन कर आरपीएफ को दिया नया अधिकार**

# अब सिर्फ टीटीई नहीं, आरपीएफ के पास भी टिकट जांच की ताकत, संदिग्ध यात्रियों पर होगी तुरंत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश, बिना टिकट यात्रा, अवैध वेंडिंग, धूम्रपान और गंदगी फैलाने को लेकर बने कानूनों के उल्लंघन पर अब रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के इंस्पेक्टर (सहायक उपनिरीक्षक से ऊपर) सीधे जुर्माना लगा सकेंगे। अभी तक आरपीएफ का अधिकार मेमो भरकर केस बनाने व मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने तक सीमित था। रेल मंत्रालय ने 'जन विश्वास अधिनियम' के तहत नियमों में संशोधन कर आरपीएफ को नया अधिकार प्रदान किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर विशेष परिस्थितियों में ट्रेन या परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति का टिकट चेक कर सकते हैं। यद्यपि सामान्य स्थिति में यह अधिकार टिकट जांच स्टाफ के पास ही रहेगा। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर दक्षिण पूर्व रेलवे में यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि मंडल में संशोधित जन विश्वास अधिनियम लागू करते हुए इंस्पेक्टरों को जुर्माना रसीद उपलब्ध करा दी गई है। अभी तक इंस्पेक्टर, छोटे अपराधों में भी केस बनाने में ही उलझे रहते थे।

- **रेलवे बोर्ड के निर्देश पर दक्षिण पूर्व रेलवे में व्यवस्था लागू, आरपीएफ को मिली जुर्माना रसीद**



### टीटीई को भी मिला जुर्माना लगाने का अधिकार

जन विश्वास अधिनियम के अंतर्गत टिकट चेकिंग स्टाफ (टीटीई) के अधिकार भी बढ़ा दिए हैं। वह यात्रियों का टिकट चेक करने के अलावा स्टेशन व ट्रेनों में अवैध वेंडरों, धूमपान व गंदगी फैलाने वाले यात्रियों के खिलाफ जुर्माना लगा सकेंगे। रेलवे का कहना है कि जन विश्वास अधिनियम से स्टेशन व ट्रेनों में अवैध वेंडिंग पर अंकुश लगेगा। स्टेशन परिसर व ट्रेनों की साफ-सफाई बेहतर होगी।

### न्यायिक प्रक्रिया पर अनावश्यक बोझ कम होगा

नियम का उल्लंघन करने वाले यात्री व उनके स्वजन कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में परेशान हो जाते थे। नई व्यवस्था में कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई होने से नियमों के पालन को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। बदलाव का उद्देश्य छोटे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए न्यायिक प्रक्रिया पर अनावश्यक बोझ कम करना और रेलवे परिसरों में स्वच्छता व अनुशासन बनाए रखना है। नई व्यवस्था में रेल मंत्रालय ने रेलवे में लगने वाला न्यूनतम जुर्माना 250 को बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया है।

**इन नियमों के उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना (रुपये में)**

| | |
|---|---|
| 500- अनधिकृत प्रवेश और रेल लाइन पार करने पर | 2000- स्टेशन परिसर में धूम्रपान करने पर |
| 2000 - रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में अवैध वेंडिंग करने पर | 1000- स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने पर |
| 2000- दिव्यांग और पेंट्रीकार बोगियों में यात्रा पर | 500- स्टेशन परिसर में अवैध पार्किंग पर |
| 2500- महिला बोगियों में यात्रा करने पर | 10,000- आपत्तिजनक व खतरनाक वस्तुओं पर |

**हाईकोर्ट ने केंद्र-राज्य और बिजली कंपनी से मांगा जवाब**

## रायगढ़ में नियमों की अनदेखी कर बिछाई 33 केवी लाइन, पीआईएल दायर

रायगढ़ जिले के हाथी प्रभावित धरमजयगढ़ वन क्षेत्र में नियम और मानकों का उल्लंघन कर 33 केवी लाइन विस्तार को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने केंद्र, राज्य सरकार और बिजली कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान राज्य और केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं ने नोटिस स्वीकार किया। जबकि निजी कंपनी को नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। राज्य सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी है। सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि निजी कंपनी की ओर से जवाब पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उस जवाब पर भी प्रत्युत्तर सबमिट करने की छूट दी। बता दें कि याचिकाकर्ता ने पहले भी इसी मुद्दे पर याचिका दायर की थी। उस याचिका में सुरक्षा राशि जमा करने से छूट की मांग की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने छूट संबंधी आवेदन खारिज करते हुए 7 मई 2026 को याचिका निरस्त कर दी थी।

### लाइन विस्तार में भी नियमों की अनदेखी

याचिका में बताया है कि धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम भालूपखना स्थित धनबादा पावर की 7.50 मेगावाट लघु जल विद्युत परियोजना के लिए आवश्यक वन स्वीकृतियां प्राप्त किए बिना वन एवं राजस्व भूमि में गैर-वानिकी गतिविधियां संचालित की गईं तथा 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन विस्तार में भी नियमों की अनदेखी की गई। याचिका में दावा किया गया है कि भालूपखना से चरखापारा तक 11 केवी विद्युत लाइन के नवीनीकरण कार्य के दौरान सीएसपीडीसीएल के नए पोल लगाए गए। आरोप है कि इन्हीं खंभों का उपयोग करते हुए निजी परियोजना की 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन भी ले जाई गई, जिससे अलग से वन भूमि डायवर्सन और वैधानिक अनुमतियों की आवश्यकता से बचा जा सके।

## फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों की मौत, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

**रायपुर।** उरला इंडस्ट्रीयल एरिया में एक सप्ताह पूर्व थ्रीडी इनोवेशन फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों की मौत मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। ब्लास्ट की जद में आने से तीन मजदूरों की मौत के साथ कई मजदूर घायल हुए थे। फैक्ट्री में हादसा ऑक्सीजन सिलेंडर फटने के कारण हुआ था।

हादसे में जिन तीन मजदूरों की मौत हुई थी, उनमें दो मध्यप्रदेश, डिंडौरी के रहने वाले थे। एक अन्य मजदूर जांजगीर-चांपा जिला का रहने वाला था, जिसके नाबालिग होने की बात सामने आई थी। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने समाचार रिपोर्ट को आधार मानते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए जवाब मांगा है। आयोग द्वारा जारी बयान के अनुसार अगर समाचार रिपोर्ट की बातें सच हैं, तो ये मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे खड़े करती हैं। इसीलिए, आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो हफ्ते के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में घायलों की सेहत की स्थिति के साथ-साथ मृतकों के परिजनों और घायलों को दिए गए मुआवजे की जानकारी मांगी है।

- **एक सप्ताह पूर्व उरला के थ्रीडी इनोवेशन फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था**

## समयमान वेतनमान और पदोन्नति वेतनमान में से एक चुनने के लिए कर्मचारियों को 31 तक का समय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने समयमान वेतनमान और पदोन्नति वेतनमान में से किसी एक योजना का विकल्प चुनने के लिए पात्र शासकीय कर्मचारियों को अतिरिक्त समय दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एक बार के लिए बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी है। यह निर्णय विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संघों से प्राप्त अभ्यावेदनों के आधार पर लिया गया है।

इससे पहले सामान्य प्रशासन विभाग ने 9 जून 2026 के परिपत्र के माध्यम से शिक्षक संवर्ग के सहायक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, विभिन्न निर्माण विभागों तथा अन्य विभागों के उप अभियंताओं और वन विभाग के वनक्षेत्रपालों की प्रचलित पदोन्नति योजनाओं को वित्त विभाग की प्रचलित समयमान वेतनमान व्यवस्था में समाहित करने का निर्णय लिया था।

### कर्मचारी संगठनों की थी मांग

नए आदेश के अनुसार कर्मचारी संगठनों द्वारा समय सीमा बढ़ाने की मांग किए जाने पर राज्य सरकार ने केवल एक बार के लिए विकल्प प्रस्तुत करने की अवधि 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दी है। इसके बाद विकल्प बदलने या समय बढ़ाने का कोई उल्लेख आदेश में नहीं किया गया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल 1 अप्रैल 2026 से पहले नियुक्त शिक्षक संवर्ग के सहायक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, उप अभियंताओं तथा वन विभाग के वनक्षेत्रपालों के लिए है। इन कर्मचारियों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपने लिए अधिक लाभकारी योजना,पदोन्नति वेतनमान या समयमान वेतनमान, में से किसी एक का चयन कर सकें।

**अनुशासनात्मक कार्रवाई करते समय प्रक्रियात्मक नियमों का पालन करना जरूरी**

## विभागीय जांच के बगैर शासकीय कर्मचारी को बर्खास्त करना गलत- हाईकोर्ट

छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट ने बालोद जिले के जनपद पंचायत डोंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ द्वारा एक नियमित सहायक शिक्षक पंचायत को बिना विभागीय जांच के सीधे नौकरी से हटाने के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने माना कि नियमित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते समय प्रक्रियात्मक नियमों का उल्लंघन किया गया था।

बालोद जिले के नगर पंचायत अर्जुन्दा तहसील गुंडरदेही निवासी तस्लीम बानो को 09 जून 2005 को शासकीय प्राथमिक शाला शिकारीटोला में सहायक शिक्षक पंचायत (शिक्षा कर्मी वर्ग तीन) के पद पर नियुक्त किया गया था। 13 अगस्त 2009 को उनकी सेवाएं नियमित कर दी गई थी। याचिकाकर्ता जून 2010 से अगस्त 2010 और फिर फरवरी 2015 के बाद से विभिन्न अंतरालों में कुल लगभग 233 दिनों तक ड्यूटी से अनुपस्थित रही। जनपद पंचायत डोंडीलोहारा के सीईओ ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद 24 अगस्त 2021 को शिक्षिका को सेवा से हटा दिया।

सीईओ के आदेश को चुनौती देते हुए तस्लीम बानो ने अपने सीनियर एडवोकेट मतीन सिद्दीकी के माध्यम से छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने बर्खास्तगी आदेश को रद्द करने की मांग की थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि विभाग द्वारा कोई औपचारिक आरोप पत्र जारी नहीं किया गया और न ही साक्ष्य दर्ज कर जांच रिपोर्ट तैयार की गई। कोर्ट ने 24 अगस्त 2021 के बर्खास्तगी आदेश को असंवैधानिक ठहराते हुए रद्द कर दिया है।

**एक सप्ताह में प्रदेशभर से 450 आवेदन भी पहुंचे**

# 11000 दिव्यांग को 100 करोड़ लोन देने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजनों को आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वावलंबन योजना के तहत ऋण दिया जाता है, जो पिछले कई साल से मिल नहीं पा रहा है।

इसका कारण पूर्व में इस योजना के तहत जिन लोगों ने ऋण ले रखे हैं, उन्होंने उसे लौटाया नहीं है, जिसके कारण अब बहुत कम दिव्यांजनों को योजना के तहत ऋण मिल पा रहा है, लेकिन अब छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल की है।

दिव्यांगजनों को छोटे-छोटे व्यापार, दुकान खोलने आदि के लिए अब दोबारा ऋण देगा। निगम ने इसके लिए प्रदेशभर में 11 हजार दिव्यांगजनों को लगभग 100 करोड़ रुपए का ऋण देने का लक्ष्य रखा है। इस निर्णय के तहत सभी जिलो में समाज कल्याण विभाग के दफ्तरों में दिव्यांगजनों के आवेदन भी लिए जा रहे हैं।




### 100 करोड़ रुपए लोन दिय जाएगा

पहली बार है जब सालभर में 11 हजार पात्र हितग्राहियों को इस योजना के तहत 100 करोड़ रुपए लोन दिया जाएगा। 50 हजार से 1 लाख रुपए तक लोन देंगे। इस बार लोन देने के बाद योजना की मॉनिटरिंग भी की जाएगी, ताकि लोन की राशि की रिकवरी भी हो।

\- **लोकेश कावड़िया**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम

### प्रदेशभर से ऋण के लिए 450 आवेदन

दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम ने दिव्यांगजनों को ऋण देने का लक्ष्य तय किए अभी सप्ताहभर ही हुआ है, लेकिन इस एक सप्ताह के भीतर प्रदेशभर से ऋण लेने के लिए अब तक 450 दिव्यांगजनों ने आवेदन भी कर दिए है। इनमें सर्वाधिक 25 आवेदन रायपुर जिले के हैं। इसी प्रकार दुर्ग 18, बिलासपुर 20, सरगुजा 19, जांजगीर-चांपा 18, राजनांदगांव 18, रायगढ़ 17, बस्तर 17, बलौदाबाजार 16, कोरबा 10, महासमुंद 18, जशपुर 15, कबीरधाम 18, धमतरी 20, बालोद 18, कांकेर 15, कोरिया 20, बेमेतरा 15, सक्ती 12, कोंडागांव 12, सूरजपुर 8, गरियाबंद 12, मुंगेली 12, बलरामपुर 10, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी 8, दंतेवाड़ा 10, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 9, बीजापुर 5, नारायणपुर 8, सुकमा 5, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 8, मोहला-मानपुर 6 तथा खैरागढ़-छुईखदान से 8 आवेदन किए गए हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



यास्तिका लॉर्ड्स में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला

यास्तिका भाटिया बल्लेबाजी

| | |
|---|---|
| 113 | रन |
| 158 | गेंद |
| 14 | चौके |
| 00 | छक्के |

### यास्तिका ने रचा इतिहास

*यास्तिका भाटिया ने दूसरी पारी में शानदार 113 रन बनाए। वह महिला टेस्ट के तीसरी या चौथी पारी में शतक लगाने वाली पहली भारतीय बल्लेबाज बन गईं। इसके अलावा वह महिला टेस्ट में विकेटकीपर के रूप में शतक लगाने वाली भारत की दूसरी खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले 1995 में अंजू जैन ने इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया था। यास्तिका लॉर्ड्स में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी बन गईं।*

# भारत की बेटियों ने पुरुषों को पछाड़ते हुए लॉर्ड्स में दर्ज की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ⏭ लॉर्ड्स

**मैच में लगी रिकॉर्ड की झड़ी**

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर महिला टेस्ट इतिहास के पहले मुकाबले को 270 रन से जीता है। लॉर्ड्स में रनों के हिसाब से ये भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत है। भारतीय पुरुष टीम भी कभी इस ऐतिहासिक मैदान पर इतनी बड़ी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। इस जीत के साथ भारत की बेटियों ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किए हैं। बता दें कि भारतीय पुरुष और महिला टीम ने लॉर्ड्स में सिर्फ चार टेस्ट मैच जीते हैं। पहली जीत महान ⏭ शेष पेज 6 पर


### मंधाना ने खेला 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच

*यह मुकाबला स्मृति मंधाना के करियर का 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। उनसे पहले सिर्फ मिताली राज और हरमनप्रीत कौर ही 300 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि 30 वर्ष की उम्र पूरी होने से पहले 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली स्मृति दुनिया की सबसे युवा महिला क्रिकेटर भी बन गईं।*

### क्रांति ने लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड में दर्ज कराया नाम

*तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने पहली पारी में 37 रन देकर पांच विकेट लिए। वह महिला टेस्ट में पांच विकेट लेने वाली भारत की सिर्फ पांचवीं तेज गेंदबाज बनीं। पूरे मैच में उन्होंने सात विकेट लेकर 91 रन दिए, जो किसी भारतीय तेज गेंदबाज का तीसरा सर्वश्रेष्ठ मैच प्रदर्शन है।*






क्रांति गौड़ गेंदबाजी

| | |
|---|---|
| 05 | विकेट |
| 17 | ओवर |
| 07 | मेडन |
| 37 | रन |

लॉर्ड्स में भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत (पुरुष और महिला)

| जीत का अंतर | कप्तान | प्रतिद्वंद्वी | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 270 रन | हरमनप्रीत कौर | इंग्लैंड (महिला) | 2026 |
| 151 रन | विराट कोहली | इंग्लैंड (पुरुष) | 2021 |
| 95 रन | एमएस धोनी | इंग्लैंड (पुरुष) | 2014 |
| 5 विकेट | कपिल देव | इंग्लैंड (पुरुष) | 1986 |


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

## खबर संक्षेप

### जम्मू कश्मीर के बारामूला में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार देर रात रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। भूकंप देर रात दो बजे आया। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अभी तक भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।



### ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो को मारी टक्कर, तीन की मौत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना में पत्थरों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने श्रद्धालुओं को लेकर जा रहे एक ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे उसपर सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले के माता बसैया थाना क्षेत्र में पारासर की तिबारियां के पास हुए इस हादसे में घायल हुए लोगों में से तीन की हालत गंभीर है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### परिवार ने आत्महत्या की पिता और बेटी की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले के कुन्नमकुलम के निकट पझांजी में सोमवार को कथित तौर पर एक साथ आत्महत्या करने की घटना में एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। मरने वालों की पहचान सिबी (50) और उसकी बेटी अलीना (18) के तौर पर हुयी है। उन्होंने बताया कि सिबी की पत्नी बीना (45) और उसके बेटे आदित्यन (17) की स्थिति गंभीर है और उनका उपचार किया जा रहा है।



### साइबर ठग गिरोह के 13 सदस्य गिरफ्तार

**बहराइच।** बहराइच जिले में लोगों को ऋण दिलाने का झांसा देकर उनके बैंक खातों और बैंकिंग साधनों पर नियंत्रण हासिल करने तथा साइबर ठगी से अर्जित धन के लेन-देन में उन खातों का इस्तेमाल करने वाले गिरोह के 13 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिछले चार दिनों के दौरान साइबर अपराध के चार मामले दर्ज किए गए हैं और अलग-अलग कार्रवाई कर कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी बहराइच जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

### मानसून की गतिविधियां कमजोर, पर बन रहे नए सिस्टम से झमाझम

# उत्तराखंड से लेकर बंगाल-ओडिशा तक बारिश का अलर्ट, राजस्थान में चलेगी धूल भरी आंधी

*देश के कई हिस्सों में मानसून की गतिविधियां अभी कमजोर हैं, लेकिन उत्तराखंड, हिमाचल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान में धूल भरी तेज आंधी चलने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार उत्तराखंड में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी है। बताया जा रहा है कि बादलों का कारवां बंगाल की खाड़ी पहुंचते ही झमाझम बारिश होगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों में पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल और बिहार में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 4-5 दिन बाद बारिश होने की संभावना है। हालांकि, अगले 5-6 दिनों में उत्तर-पश्चिम, पश्चिम मध्य और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में कमजोर मानसून और कम बारिश का अनुमान है। उत्तराखंड में आईएमडी ने भारी से बहुत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में बीते दिन भी बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से 126 सड़कें बंद हैं, जिसमें दो नेशनल हाईवे भी शामिल हैं। यमुनोत्री राजमार्ग पर भी यातायात प्रभावित है. स्याना चट्टी में भूस्खलन के कारण ऋषिकेश-यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर यातायात ठप हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर दर्ज किया जा रहा है।

- लोगों को जल्द मिल सकती है उमस भरी गर्मी से राहत

**बंगाल की खाड़ी से प्रशांत महासागर तक 7 से 10 किमी बादलों का कारवां**



### दिल्ली में बढ़ी उमस-गर्मी

दिल्ली में गर्मी का असर बना रहा और न्यूनतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.8 डिग्री अधिक है।

### हिमाचल में मध्यम बारिश

हिमाचल प्रदेश में भी लगातार हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों में मंडी जिले के जोगिंदरनगर में सबसे ज्यादा 60 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### ओडिशा में चार दिन बारिश का अलर्ट

ओडिशा में अगले चार दिन तक कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। बालासोर, भद्रक, केंद्रापड़ा, सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़, संबलपुर, केवझर, मयूरभंज, कालाहांडी, कंधमाल और रायगड़ा जिलों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस मॉनसून सीजन में ओडिशा में अब तक 348.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 8% ज्यादा है।

### राजस्थान में धूल भरी हवाएं

मौसम विभाग के अपने पूर्वानुमान ने बताया कि अगले 5-6 दिनों में पूर्वी राजस्थान में सूखा रहेगा। हालांकि, 13 से 15 जुलाई के बीच शेखावाटी, जयपुर और भरतपुर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि पश्चिमी राजस्थान में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी तेज हवाएं चलने और धूल भरी आंधी आने की चेतावनी है।

### पश्चिम बंगाल में भारी बारिश

पश्चिम बंगाल में बीते दिन अच्छी बारिश दर्ज की गई है। कोचबिहार जिले के पुंडिबारी में सबसे ज्यादा 89 मिमी बारिश हुई। 14 जुलाई तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बांकुरा, बर्दवान, नदिया, मुर्शिदाबाद आदि में भारी बारिश की संभावना है।



**मानसून की देरी का असर**


### खरीफ फसलों की बुवाई का रकबा घटा

कमजोर मानसून के कारण मौजूदा सत्र में अब तक धान जैसी खरीफ फसलों की बुवाई का रकबा 16 प्रतिशत घटकर 531.25 लाख हेक्टेयर रह गया है। कृषि मंत्रालय ने बताया खरीफ (गर्मी) की फसलों की बुवाई आम तौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ होती है। हालांकि, इस साल अल-नीनो के असर से कमजोर मानसून के कारण बुवाई में देरी हुई है। मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 10 जुलाई तक कुल खरीफ फसलों की बुवाई 531.25 लाख हेक्टेयर में की गई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 632.69 लाख हेक्टेयर था। धान की बुवाई का रकबा 8.63 प्रतिशत घटकर 114.69 लाख हेक्टेयर रह गया, जबकि एक साल पहले यह 125.53 लाख हेक्टेयर था।

**छात्रा ने किया नकल का स्टिंग**

# हाईकोर्ट ने पूछा- दोषियों पर क्या हुई कार्रवाई

- शिक्षा विभाग ने तीन महीने में कर्मचारियों पर विभागीय जांच पूरी करने की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**खास खबर**

महासमुंद जिले के भंवरपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान हुए नकल कांड और एक छात्रा द्वारा किए गए साहसी स्टिंग ऑपरेशन को अदालत ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। मीडिया में प्रकाशित खबरों और छात्रा की बहादुरी पर गौर करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार किया है। न्यायालय ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर इस पूरे प्रकरण पर शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से पूछा है कि मीडिया में जिन शिक्षकों के नाम नकल कराने में संलिप्त पाए गए हैं, उन पर अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है। शिक्षा विभाग की ओर से ⏭ शेष पेज 6 पर

### दबाव, धमकियां और प्रशासनिक उदासीनता

रिपोर्ट के अनुसार, जब नीता ने इस अनैतिक कार्य का विरोध किया, तो केंद्र अधीक्षक और स्कूल के प्रिंसिपल ने उसे सुरक्षा देने के बजाय फटकार लगाई। उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और यहाँ तक कि अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान उसकी डेस्क पर पहले से लिखकर उसे झूठे केस में फंसाने की साजिश भी रची गई। इस भारी दबाव के कारण छात्रा बीमार पड़ गई, लेकिन उसने हार नहीं मानी। जिला स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर उसने रायपुर स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) के कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# झूठे पॉक्सो केस चिंताजनक बच्चे कानूनी हथियार नहीं

**कोर्ट ने पूछा- लड़के और लड़की के भागने को कैसे रोक सकता है?**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कई बार आपसी विवादों में खासकर वैवाहिक मामलों में यह देखने में आया है कि वकील विपक्षी पक्ष को कानूनी पचड़े में फंसाने के लिए कई बड़ा आरोप लगा देते है। इस तरह के मामलों में बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए गए पॉक्सो कानून के दुरुपयोग एक बड़ा उदाहरण है। ऐसे मामलों में इसके दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सवाल किया कि 'राज्य प्रेम संबंध में बंधे लड़के और लड़की के भागने को कैसे रोक सकता है?' शीर्ष अदालत ने आपसी सहमति से बने यौन संबंधों वाले किशोरों के खिलाफ बच्चों को यौन उत्पीड़न से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों पर चिंता जाहिर करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और आर. महादेवन की पीठ ⏭ शेष पेज 6 पर

### किसी विशेष मामले की चर्चा

वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान ने पीठ से कहा कि इस मामले की शुरुआत एक नाबालिग लड़की के 25 साल के युवक के साथ भागने से हुई थी। उन्होंने कहा कि कोर्ट द्वारा नियुक्त एक समिति ने उस युवती से बातचीत की थी, जिसके बाद उस व्यक्तिगत मामले को मोटे तौर पर बंद कर दिया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ से पॉक्सो मामलों में सिस्टम की विफलता को लेकर एक सख्त रिपोर्ट दाखिल की थी। उन्होंने यह भी कहा कि पॉक्सो कानून के तहत नाबालिगों को पुनर्वास के कुछ उपाय पाने का अधिकार है। शीर्ष अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता से पूछा कि क्या यह भागने का मामला था या अपहरण का। इस पर उन्होंने पीठ से कहा था कि कथित पीड़िता उस युवक के साथ रहना चाहती थी और उससे उसका एक बच्चा भी है। वरिष्ठ अधिवक्ता दीवान ने शीर्ष अदालत से कहा कि कानून के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए एक तंत्र बनाने की जरूरत है।

### सुप्रीम कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

- इससे न केवल निर्दोष लोगों को परेशानी होती है, बल्कि वास्तविक पीड़ितों के मामलों की गंभीरता भी प्रभावित होती है।
- न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें पति और उसके परिवार के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, दुष्कर्म और अन्य आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज 10 से अधिक मामलों को चुनौती दी गई थी।

**जांच के बाद कार्रवाई**

# बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी केस में चेयरमैन का पीए अरेस्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड के विख्यात बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे और दान में वित्तीय अनियमितता के आरोप में निलंबित श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के कर्मचारी प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया गया है। चमोली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने बताया कि नौटियाल को रविवार रात चमोली पुलिस ने उनके देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित घर से गिरफ्तार किया।



### साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी

घटनास्थल का निरीक्षण, वादी और गवाहों के बयानों और दो जुलाई को गणनाकक्ष के सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में मिले साक्ष्यों के आधार पर नौटियाल को गिरफ्तार किया गया।

# 1 महीने में 12 बच्चों की मौत, 3 की रिपोर्ट पॉजिटिव

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात में संक्रमण से एक महीने में अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित थे। अन्य 9 बच्चों की मौत भी इसी वायरस से होने की आशंका है। हालांकि, इनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। संक्रमण के मामले गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली और पंचमहल जिलों में सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने इस स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि इस घातक वायरस के संक्रमण के कारण अब तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 2 बच्चों की मौत गोधरा और राजस्थान के एक बच्चे की मौत हिम्मतनगर में हुई। प्रभावित क्षेत्रों में रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


- गुजरात में फैला चांदीपुरा वायरस

**धुआं निकला और जोरदार विस्फोट**

# थाईलैंड के पब में आग लगी, 27 लोगों की मौत

एजेंसी ⏭ बैंकाक

थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में सोमवार तड़के एक पब में भयंकर आग लग गयी, जिससे इस घटना में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि इस हादसे में 27 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुये हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



### दर्दनाक घटनाएं

थाईलैंड में इससे पहले भी इस तरह की दर्दनाक घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2022 में देश के पूर्वी हिस्से में स्थित एक म्यूजिक पब में लगी आग में 14 लोगों की मौत हो गई थी। इससे भी एक दशक से अधिक पहले एक जनवरी 2009 को थाईलैंड की राजधानी में नए साल के जश्न के दौरान सांटिका नाइटक्लब में लगी आग में 66 लोगों की मौत हो गई थी, 200 से अधिक लोग घायल हुए थे।

**एडीशनल एसपी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम करेगी जांच**

# सीबीआई की टीम पहुंची नौगई तिहरे हत्याकांड की जांच शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

कोरिया जिले के बहुचर्चित नौगई तिहरे हत्याकांड की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले ली है। सोमवार को सीबीआई की छह सदस्यीय टीम एडीशनल एसपी के नेतृत्व में कोरिया पहुंची और सोनहत विकासखंड के ग्राम नौगई में घटनास्थल का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर हर पहलुओं पर जांच शुरू की। टीम के पहुंचने से पीड़ित परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में निष्पक्ष जांच और न्याय की उम्मीद बढ़ गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने बीते 30 जून को सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी और करीब पखवाड़े ⏭ शेष पेज 6 पर

**घटनास्थल, सोनहत थाने समेत कई जगहों की गहन जांच पड़ताल**




### विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद सीबीआई टीम सोनहत मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप पहुंची, जहां आवश्यक पूछताछ और निरीक्षण किया गया। इसके बाद टीम सोनहत थाना पहुंची, जहां घटना में आग से जली जब्त गाड़ी का बारीकी से परीक्षण किया गया। जांच अधिकारियों ने वाहन के प्रत्येक पहलू का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

### क्या है मामला

बीते 16 जून की रात कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इस घटना में फॉर्च्यूनर वाहन के अंदर जिंदा जलने से भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं नागेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह की मौत इलाज के दौरान हुई थी। अब तक मामले में कोरिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जिला जेल दाखिल करा दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, मन्नू त्रिपाठी, निशांत त्रिपाठी पिता सत्य कुमार त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी पिता राममिलन त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी पिता महेंद्र त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी पिता अंजनी त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी पिता मनोज त्रिपाठी सहित अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी शामिल हैं।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती बढ़ती महंगाई

देश में बढ़ती महंगाई एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है। जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार छठा महीना है, जब महंगाई में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनवरी 2025 के बाद पहली बार महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के मध्य लक्ष्य को पार कर गई है। यद्यपि यह अभी भी आरबीआई के 2 से 6 प्रतिशत के सहनशीलता दायरे में है, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई भविष्य के लिए गंभीर संकेत दे रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसका असर केवल आम आदमी की जेब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की आर्थिक विकास दर भी प्रभावित हो सकती है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण इस बार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। आलू, प्याज, टमाटर, अदरक जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं। इन वस्तुओं का सीधा संबंध आम परिवार की रसोई से है। जब भोजन महंगा होता है तो सबसे अधिक बोझ मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार की अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा होने से परिवहन, उद्योग और उत्पादन लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही पड़ता है। दूसरी ओर अल नीनो के प्रभाव और मानसून को लेकर बनी अनिश्चितता भी चिंता बढ़ा रही है। यदि वर्षा सामान्य से कम रहती है तो कृषि उत्पादन प्रभावित होगा और खाद्य महंगाई और तेज हो सकती है। महंगाई बढ़ने का एक बड़ा असर मौद्रिक नीति पर पड़ता है। यदि मूल्य वृद्धि लगातार बनी रहती है तो आरबीआई को रेपो रेट बढ़ाने का विकल्प अपनाना पड़ सकता है। रेपो रेट बढ़ने का मतलब है कि बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होगा और वे होम लोन, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण तथा उद्योगों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दरें बढ़ा देंगे। इससे निवेश और खपत दोनों प्रभावित होंगे। उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ सकता है और रोजगार सृजन की रफ्तार भी कम हो सकती है। अर्थात महंगाई पर नियंत्रण के लिए उठाया गया कदम आर्थिक विकास की गति को भी प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि आरबीआई के सामने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की कठिन चुनौती है। सरकार के लिए भी यह समय सतर्क रहने का है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना भी दीर्घकालिक समाधान का हिस्सा होना चाहिए। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर नियंत्रण संभव नहीं है; इसके लिए उत्पादन, आपूर्ति और बाजार प्रबंधन को समान रूप से मजबूत करना होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक परिस्थितियों से पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। इसलिए आर्थिक नीति को केवल वर्तमान महंगाई तक सीमित न रखकर भविष्य के संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को समान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। महंगाई का मुकाबला केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि प्रभावी नीतियों और मजबूत इच्छाशक्ति से किया जा सकता है। सरकार और आरबीआई के बीच बेहतर तालमेल, कृषि एवं ऊर्जा क्षेत्र में सुधार, मजबूत आपूर्ति व्यवस्था और बाजार की पारदर्शिता ही इस चुनौती का स्थायी समाधान है।



विदेश दौरे
अखिलेश आर्येन्दु

# पीएम की यात्रा ने साधे कई लक्ष्य

> प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्राओं पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह उनकी पिछली विदेश यात्राएं देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियों भरी रही। पिछले दस वर्षों में भारत की साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता बढ़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्रा पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह पिछली विदेश यात्राएं उनकी देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियां भरी रही। जिन क्षेत्रों में इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से सहमतियां, समझौते और शिक्षा-सुरक्षा संबंधी साझेदारी हुई, उनमें सैन्य निर्यात, ऊर्जा सुरक्षा, कृषि-डेयरी और व्यापार विस्तार की साझेदारी के लिहाज से बेहद सफल और ऐतिहासिक कह जाना चाहिए। इससे भारत को आने वाले दिनों में कई तरह के फायदे तो होंगे ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर बढ़ती चिंताओं को कम करना मुनासिब होगा। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया विदेशी दौरे की शुरुआत इंडोनेशिया से हुई। जकार्ता पहुंचने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का मोदी की आगवानी और स्वागत अत्यंत आत्मीयतापूर्ण था। इससे दुनियाभर में यह संदेश गया कि मोदी आज भी दुनिया के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं और नेतृत्व-कर्ताओं में पहले नंबर पर बरकरार हैं। जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता और 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें ब्रह्मोस मिसाइल सौदा बेहद महत्वपूर्ण था। इस महत्वपूर्ण सौदे से भारत के लिए तटीय रक्षा प्रणालियों को इंडोनेशिया को निर्यात करने का नया रास्ता खुल गया। इससे एक तीर से दो लक्ष्य साधे गए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए समुद्री सूचनाओं को साझा करने और सुरक्षा बढ़ाने पर दोनों देशों में सहमति बनी। इसके तहत दोनों देश सांझा सैन्य अभ्यास करेंगे।

दूसरी महत्वपूर्ण बात, ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात से भारत को रक्षा के क्षेत्र में आर्थिक फायदा होगा। इसके साथ ही, चीन के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत सबांग बंदरगाह के संयुक्त रणनीतिक विकास और समुद्री सुरक्षा पर बड़ा करार हुआ। दोनों देश एक सांस्कृतिक पटल से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच खनिज-स्टील सप्लाई चेन को मजबूत करने पर भी सहमति बनी। इसी के साथ रेयर मैगनेट (दुर्लभ खनिज) पर भी डील हुई। एक और खास समझौता शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में हुआ, जिसके तहत भारत का प्रसिद्ध भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (आईआईएम) इंडोनेशिया में नया कैंपस खोलने पर भी सहमति हुई। कुल 14 समझोतों से भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि एक दूसरे के प्रति सभी क्षेत्रों में विश्वासनीयता भी बढ़ी है। दोनों देशों के बीच मित्रता और विश्वासनीयता की दीवार कितनी मजबूत है और इंडोनेशिया की जनता और वहां की सरकार के नज़र में मोदी की छवि किस तरह की है, यह उन्हें मिले इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से जाहिर होता है। इंडोनेशिया-भारत मैत्री कोई नई नहीं है, लेकिन केंद्र में



मोदी सरकार के शासन के बाद दोनों देशों में एक नए दौर और युग की शुरुआत हुई है। मोदी को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान उनकी लोकप्रियता का तकाजा है कि जब भी वे विदेशी दौरे पर जाते हैं, तब उन्हें उस देश का सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इंडोनेशिया का मिला सर्वोच्च सम्मान इसी लोकप्रियता की अगली कड़ी का हिस्सा है। अब जब कि दुनिया के तमाम देशों में कई मुद्दों को लेकर तनातनी का माहौल है, ऐसे में मोदी की विदेश यात्राएं उनकी लोकप्रियता और उनकी दुनिया के देशों से उनकी मैत्री के वजह से भारत को संभावित संकटों से उबरने में मददगार साबित हो रहीं हैं। इंडोनेशिया से दोस्ती की नई इबारत लिखने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जकार्ता से चलकर 7 जुलाई को मेलबर्न आस्ट्रेलिया पहुंचे। आस्ट्रेलिया भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा, खनिज और परमाणु सहयोग को लेकर द्विपक्षीय समझौते हुए। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के मध्य शिखर वार्ता हुई। बाद में दोनों देशों के मध्य अनेक क्षेत्रों में समझौते हुए। जिनमें असैन्य न्नाभिकीय ऊर्जा पर करार, खनिजों की सुरक्षित सप्लाई चेन का निर्माण प्रमुख है। इन समझोतों के तहत अब आस्ट्रेलिया भारत को यूरेनियम की आबाध आपूर्ति करेगा, यह भारत के लिए नाभकीय ऊर्जा आपूर्ति के मामले में मील के पत्थर की तरह है। इसके तहत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को सुरक्षित और खुला रखने के लिए दोनों सेनाओं के बीच सैन्य अंतर-संचालनीयता और समुद्री खुफिया जानकारी साझा करने पर हस्ताक्षर किए गए। आस्ट्रेलिया सरकार ने पहली बार भारत से खेल समझौते पर करार किए हैं। यह भारत और आस्ट्रेलिया को और करीब आने में मददगार साबित हो सकता है। मोदी का हालिया न्यूजीलैंड दौरा सफल और सार्थक रहा। मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ वार्ता के बाद दोनों देशों के रिश्तों को सीधे रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेट किया गया। इस यात्रा के दौरान कुल 18 बड़े समझौते और नतीजे सामने आए। इससे भारत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वानीय मित्र देश के रूप में न्यूजीलैंड की तमाम अवसरों, क्षेत्रों और विषयों में मदद मिलेगी, इसमें कोई संदेह की बात नहीं।

महत्वपूर्ण यह नहीं है कि भारत-न्यूजीलैंड ने साथ-साथ कई क्षेत्रों में काम करने पर रजामंद हुए हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि न्यूजीलैंड ने खुलकर विज्ञान और खगोल के क्षेत्र में सहयोगी मित्र की तरह काम करने की इच्छा जताई है। इससे भारत की समुद्री सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित हो सकेंगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत का सामना करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ ये समझौते आने वाले वर्षों में मील के पत्थर भी साबित हो सकते हैं। इसी तरह इस समझौते से आर्थिक सहयोग मजबूत होंगे और सहयोग की नई संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। कृषि, पशुपालन और व्यापार के क्षेत्र में रोजगार और खादान को बढ़ावा मिलेगा। सांस्कृतिक संबंध नए सिरे से आगे बढ़ सकेंगे। आस्ट्रेलिया के जरिए यूरेनियम मिलने पर सहमति से भारत की शक्ति ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ अन्य क्षेत्रों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। इससे आने वाले वक्त में ऊर्जा की कमी से होने वाली तमाम रुकावटें दूर हो सकेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का जिस तरह से दौरे वाले तीनों देशों में स्वागत किया गया, वह भारत की बढ़ती विश्व में साख और समृद्धि का प्रतीक है। पिछले दस वर्षों में भारत की जो साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है, वह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व, सफल विदेश नीति, रणनीति और भारत की दुनिया भर के देशों से हुए बेहतर संबंध के परिणाम हैं। मोदी की तीन देशों की यात्रा से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि देश की समृद्धि, सुरक्षा, साख और बढ़ती ताकत मोदी के नेतृत्व में ही सुरक्षित है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## खेल

नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'



# टी-20 में भारतीय क्रिकेट का कठिन दौर

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में टीम इंडिया की एकतरफा हार ने भारतीय क्रिकेट जगत को झकझोर दिया। इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ मिली अप्रत्याशित पराजय ने भी यह संकेत दे दिया था कि दुनिया की नंबर एक टी-20 टीम कही जाने वाली भारत की चमक अब फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। क्रिकेट में हार-जीत सामान्य बात है, लेकिन लगातार दो विदेशी दौरों पर जिस तरह टीम का प्रदर्शन रहा, उसने केवल खिलाड़ियों की तकनीकी कमियों को ही नहीं, बल्कि चयन नीति, टीम प्रबंधन और तैयारी की कमजोरियों को भी उजागर कर दिया। यही कारण है कि आज हर क्रिकेट प्रेमी यह सवाल पूछ रहा है कि आखिर भारतीय टीम की इस गिरावट का वास्तविक कारण क्या है और इससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है। किसी भी खेल में हार केवल खिलाड़ियों की नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था की होती है। इसलिए केवल कप्तान श्रेयस अय्यर या मुख्य कोच गौतम गंभीर को निशाने पर लेना उचित नहीं होगा। श्रेयस अय्यर लंबे अंतराल के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे और उन्हें सीधे कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। ऐसे में उनसे तुरंत चमत्कार की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं था। इंग्लैंड के खिलाफ उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी कुछ अच्छी पारियां देखने को मिलीं, लेकिन टीम के सामूहिक प्रदर्शन की कमजोरी उन प्रयासों पर भारी पड़ गई। कप्तान तभी सफल हो सकता है जब उसके पास स्थिर टीम, स्पष्ट रणनीति और प्रबंधन का पूरा विश्वास हो। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इस हार का गंभीर आत्ममंथन करना चाहिए। आईपीएल समाप्त होने के तुरंत बाद खिलाड़ियों को विदेशी दौरे पर भेज दिया गया, जबकि इंग्लैंड और आयरलैंड जैसी परिस्थितियों में खेलने के लिए अलग तरह की तैयारी की आवश्यकता होती है। भारतीय सपाट पिचों और इंग्लैंड की स्विंग तथा उछाल वाली पिचों में जमीन-आसमान का अंतर है। खिलाड़ियों को वहां की परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास का पर्याप्त समय नहीं मिला। इसके साथ ही कई अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देने का निर्णय भी टीम के संतुलन पर भारी पड़ा। सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी पूरे दौरे में महसूस की गई। ऐसा प्रतीत हुआ कि विपक्षी टीमों को अपेक्षाकृत हल्के में लिया गया, जिसका परिणाम मैदान पर स्पष्ट दिखाई दिया। टीम इंडिया की सबसे बड़ी समस्या इस समय केवल तकनीकी नहीं, बल्कि मानसिक भी दिखाई देती है। वर्तमान टीम प्रबंधन लगातार खिलाड़ियों को अंदर-बाहर कर रहा है। एक-दो खराब पारियों के बाद खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है, जबकि कई बार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी अगले मैच में टीम से बाहर कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी खिलाड़ी के मन में यह डर स्वाभाविक रूप से बैठ जाता है कि यदि आज प्रदर्शन नहीं हुआ तो अगला अवसर शायद न मिले। यह भय खिलाड़ियों को स्वाभाविक खेल खेलने से रोकता है। क्रिकेट आत्मविश्वास का खेल है और जब खिलाड़ी हर गेंद पर अपने स्थान की चिंता करने लगे तो उसका प्रदर्शन प्रभावित होना तय है। संजू सैमसन का उदाहरण सबसे उपयुक्त माना जा सकता है। उन्होंने विश्व कप और आईपीएल दोनों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, फिर भी उन्हें लगातार अवसर नहीं मिले और कई बार बिना किसी स्पष्ट कारण के टीम से बाहर कर दिया गया। यदि कोई खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अपनी जगह सुरक्षित महसूस नहीं करता तो यह संदेश पूरी टीम में जाता है कि मेहनत और प्रदर्शन से अधिक चयन की अनिश्चितता हावी है। इससे युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। टीम प्रबंधन को यह समझना होगा कि स्थिरता किसी भी सफल टीम की सबसे बड़ी ताकत होती है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अन्य सफल टीमें खिलाड़ियों को लंबा अवसर देती हैं, जिससे वे खुलकर खेल पाते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम संयोजन पर भी नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया है। कुल मिलाकर हर असफलता अपने साथ एक सीख लेकर आती है। आयरलैंड और इंग्लैंड का यह दौरा भी भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण सबक है। अब आवश्यकता दोषारोपण की नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच की है। चयन में पारदर्शिता, खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर, स्पष्ट भूमिकाएं, विदेशी परिस्थितियों के अनुरूप तैयारी और अनुभवी तथा युवा खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण ही टीम इंडिया को फिर से विश्व क्रिकेट की शिखर टीम बना सकता है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



संकलित
## दर्शन

# 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है- फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?



संकलित
## प्रेरणा

# सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गई। अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी। राजन! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूं। मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूंछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं। राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं? आखिरकार राजा ने मंत्री से पूछा- ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं? राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी! राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर ठगी से बचाव की समझ ही सबसे बड़ी सुरक्षा

देश में तेजी से बढ़ रही साइबर ठगी और फर्जी निवेश योजनाएं आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं। बेरोजगारी और जल्दी अमीर बनने की चाह का फायदा उठाकर ठग नए-नए तरीके अपनाते हैं। हाल ही में वाराणसी में साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया जिसने मल्टी लेवल मार्केटिंग और पिरामिड स्कीम के नाम पर एक हजार से अधिक युवाओं से करोड़ों रुपए की ठगी की। जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड के बैंक खातों में केवल सात महीनों के भीतर चार करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन हुआ। यह मामला बताता है कि साइबर ठगी अब केवल मोबाइल या इंटरनेट तक सीमित नहीं रही बल्कि संगठित नेटवर्क के रूप में युवाओं को अपना शिकार बना रही है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### भारत को मजबूती दे रहे



जब चौतरफा विकास के साथ हर देशवासी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित होता है, तब राष्ट्र की प्रगति को भी नई गति मिलती है। इसी प्रेरक भावना के साथ हम भारत के सामर्थ्य को निरंतर मजबूती देने में जुटे हुए हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### राहुल ही चेहरा




पंजाब की जनता के मन में कोई भी किंतु और परंतु नहीं है। पंजाब का मतदाता लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी जी पर भरोसा कर रहा है। कांग्रेस पार्टी का पंजाब में एक ही चेहरा है, वो हैं राहुल गांधी। सभी कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने के लिए एकजुट हों। **-भूपेश बघेल,** कांग्रेस प्रभारी, पंजाब

### रथ यात्रा में भाग लेगी सरकार



कोलकाता में हर साल कई रथ यात्रा समारोह आयोजित किए जाते हैं। हमारी सरकार ने इस वर्ष की रथ यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्णय लिया है। सरकार ने 60 प्रतिष्ठित रथ यात्रा समितियों को पांच-पांच लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला किया है। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

### भाजपा का मॉडल बेनकाब



भाजपा का 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से डायरेक्ट वोट ट्रांसफर' का मॉडल पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। पार्टी चुनाव से पहले आर्थिक सहायता देकर मतदाताओं को लुभाती है और चुनाव जीतने के बाद इन योजनाओं को बंद कर देती है।" **-अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# नेपाल में कवि भानुभक्त की 213वीं जयंती मनाई गई




नेपाल ने 19वीं सदी के कवि भानुभक्त आचार्य की जयंती सोमवार को विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई। भानुभक्त ने वाल्मीकि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद किया था। भानुभक्त आचार्य को नेपाली भाषा के पहले कवि के रूप में व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। कवि की 213वीं जयंती के अवसर पर भानु प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर डोल कुमार आर्याल ने उन्हें नेपाली भाषा, साहित्य और संस्कृति का अग्रदूत बताया। आर्याल ने कहा कि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद करके उन्होंने नेपाल के लोगों को धर्म, दर्शन, नीति और विचारधारा से परिचित कराया। उन्होंने कहा, 'भानुभक्त ने हमें रामायण दी और इसके माध्यम से नेपाली साहित्य को एक ऐसा महाकाव्य मिला, जो आज भी पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है।' एक अन्य कार्यक्रम में विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा कि जहां राजा पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल के भू-भाग को एकजुट किया, वहीं भानुभक्त आचार्य ने भाषा और साहित्य के माध्यम से इसके लोगों को एक सूत्र में बांधा।

## ऑफ बीट

# ब्रह्मांड का केंद्र कहां है?



पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि 'सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएं एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे। इसी तरह, आप ब्रह्मांड में किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं और कभी भी उसका केन्द्र नहीं पा सकेंगे, क्योंकि गुब्बारे की सतह की तरह, इसका भी कोई केन्द्र नहीं है।

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# नागरिकता का फैसला 'निष्पक्ष प्रक्रिया' से ही, सुप्रीम कोर्ट ने खींची लकीर

## असम में विदेशी घोषित 27 लोगों को राहत, गुवाहाटी हाईकोर्ट का आदेश रद्द

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के 27 लोगों को विदेशी घोषित करने से जुड़े मामलों में गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले रद्द कर दिए। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति की नागरिकता या विदेशी होने का फैसला निष्पक्ष, कानूनी और उचित प्रक्रिया के तहत ही होना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि नागरिकता और विदेशी होने का सवाल संविधान और कानून से जुड़ा बेहद महत्वपूर्ण विषय है।

सभी मामले दोबारा सुनवाई के लिए फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल को भेज दिए गए है। इन लोगों को फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने विदेशी घोषित किया था। उन्होंने इस फैसले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में चुनौती दी, लेकिन हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद सभी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

- इस मामले में की जाएगी नए सिरे से सुनवाई ट्रिब्यूनल करेगा अंतिम फैसला
- यह भी कहा- लागू रहेगी विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9




### हाईकोर्ट में 23 साल बाद चुनौती

27 लोगों को फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने विदेशी घोषित किया था। उन्होंने इस फैसले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में चुनौती दी, लेकिन हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने कहा था कि ट्रिब्यूनल का फैसला करीब 23 साल बाद चुनौती दी गई। नोटिस मिलने के बावजूद कोई भी याचिकाकर्ता ट्रिब्यूनल के सामने पेश नहीं हुआ और न ही अपनी नागरिकता के समर्थन में कोई दस्तावेज या सबूत दिया। ऐसे में ट्रिब्यूनल के पास उन्हें विदेशी घोषित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

### क्या है विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9?

अगर किसी व्यक्ति पर सवाल उठता है कि वह भारतीय नागरिक है या विदेशी, तो अपनी नागरिकता साबित करने की जिम्मेदारी उसी व्यक्ति की होती है। सरकार को यह साबित नहीं करना पड़ता कि वह विदेशी है। आमतौर पर किसी मामले में आरोप लगाने वाले पक्ष को आरोप साबित करना होता है। लेकिन विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9 में नियम अलग है। अगर किसी व्यक्ति को विदेशी होने के संदेह में फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के सामने पेश किया जाता है, तो उसे खुद दस्तावेज और सबूत देकर साबित करना होता है कि वह भारतीय नागरिक है।

### यह भी साफ किया सुको ने

कोर्ट ने यह नहीं तय किया है कि अपीलकर्ता भारतीय नागरिक हैं या नहीं। उनके दावों, डॉक्यूमेंट्स और सबूतों की सत्यता या पर्याप्तता पर भी कोर्ट ने कोई टिप्पणी नहीं की है। इन सभी की जांच अब फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल करेगा। उसी के आधार पर फैसला सुनाया जाएगा। केस को दोबारा ट्रिब्यूनल भेजने का मतलब यह नहीं है कि अपीलकर्ताओं को नागरिकता मिल गई है। इसका मकसद सिर्फ यह निश्चित करना है कि किसी को विदेशी घोषित करने जैसा गंभीर फैसला पूरी तरह निष्पक्ष और कानूनी प्रक्रिया के बाद ही लिया जाए। फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल सभी मामलों की नए सिरे से सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान वह अपने पहले के आदेश या गुवाहाटी हाईकोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र रूप से फैसला देगा। विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9 लागू रहेगी। यानी अपनी भारतीय नागरिकता साबित करने की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की ही होगी।

### पासपोर्ट विवाद के बाद बढ़ी बहस

देखा जाए तो हाल ही में पासपोर्ट और नागरिकता से जुड़े विवादों को लेकर जिस तरह से तमाम बहसों की शुरुआत हुई थी, उनका हल भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बरास्ते मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी भविष्य में फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल और प्रशासनिक एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती है। ऐसे में उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि इससे नागरिक अधिकारों की न्यायिक सुरक्षा और मजबूत होगी। साथ ही शीर्ष अदालत के इस फैसले से भविष्य के नागरिकता विवादों में न्यायिक मानकों को और अधिक मजबूत बनाने की ठोस दिशा मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### पटना कोचिंग विवाद खान सर को जमानत



**पटना।** पटना की एक सिविल कोर्ट ने सोमवार को फैसल खान उर्फ खान सर और उनके दो बॉडीगार्ड्स को अग्रिम जमानत दे दी है। बता दें कि यह मामला शहर के मुसल्लहपुर इलाके में कोचिंग संस्थानों के बीच हुई झड़प से जुड़ा है। इससे पहले, जज की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई 10 जुलाई से 13 जुलाई तक के लिए टाल दी गई थी। यह मामला 2 जून को पटना में केजीएस पर हुए हमले से जुड़ा है, जब 15-20 लोगों के एक समूह ने संस्थान में तोड़-फोड़ की थी और खान सर द्वारा चलाए जा रहे संस्थान पर पत्थर फेंके थे। फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार जब्त करके फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

### एलईडी ब्लास्ट में एक जवान की मौत, 4 घायल

**नई दिल्ली।** नागालैंड के सुखोवी के पास सोमवार को असम राइफल्स के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए संदिग्ध आईईडी विस्फोट में असम राइफल्स के एक जवान की मौत हो गई है और चार अन्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। मौके पर सुरक्षाबलों की और टुकड़ियों को भेजा गया है। यह घटना पूर्वोत्तर में एक हफ्ते से भी कम समय में असम राइफल्स के जवानों पर हुआ दूसरा हमला है।

6 जुलाई को मणिपुर के उखरुल जिले में संदिग्ध आतंकियों की ओर से एक काफिल पर घात लगाकर हमला करने के बाद असम राइफल्स की 40वीं बटालियन के दो जवान मारे गए। मृतकों की पहचान वारंट ऑफिसर बलवंत सिंह और राइफलमैन सीएम सिंह के तौर पर हुई है। यह कथित तौर पर काफिले के वाहनों में से एक को चला रहे थे। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और तत्काल मेडिकल उपचार के बावजूद बाद में उनकी मृत्यु हो गई।

### मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच सामने आई बड़ी खबर

# ईरान युद्ध में रूस की एंट्री? पुतिन ने ईरान को दिया 'प्रलयकारी' टीयू-214पीयू विमान

*मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरान युद्ध में रूस की एंट्री हो गई है। ईरान-अमेरिका के बढ़ते तनाव के बीच रूस ने अपने प्रलयकारी विमान को तेहरान भेज दिया है। रूस ने ईरान को अपना सबसे सुरक्षित एयरबोर्न कमांड एयरक्राफ्ट भेज दिया है। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर एलीट टीयू-214पीयू विमान तेहरान पहुंचा है। मॉस्को-तेहरान के बीच इस तैनाती को क्रेमलिन द्वारा ईरान को मजबूत समर्थन का संकेत माना जा रहा है।*

एजेंसी ⏭ तेहरान

टीयू-214पीयू की यह तैनाती ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। जानकारों का अनुमान है कि यह विमान ईरानी हाई कमांड को अमेरिकी हमलों के दौरान सुरक्षित कमांड और कंट्रोल प्रदान कर सकता है। साथ ही, यह मॉस्को का स्पष्ट संदेश है कि वह तेहरान को अकेला नहीं छोड़ेगा, और हर कदम पर उसके साथ खड़ा है। आपको बता दें, टीयू-214पीयू रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के लिए उड़ता हुआ मोबाइल कमांड पोस्ट है। इसमें अत्याधुनिक सुरक्षित संचार प्रणाली, एनक्रिप्टेड लिंक्स, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और परमाणु हमले या बड़े युद्ध में भी काम करने वाली रिडंडेंट सिस्टम लगे हैं। विमान को किसी भी मौसम, इलेक्ट्रॉनिक जामिंग और भारी खतरे के माहौल में संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।


विमान को रोसिया स्पेशल फ्लाइट स्क्वाड्रन संचालित करता है, जिसकी जिम्मेदारी बड़े राष्ट्रीय आपातकाल में रूस के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेताओं को सुरक्षित स्थानांतरित करना है। यह विमान 1989 में पहली बार उड़ा था और 1990 के दशक में व्यावसायिक सेवा में शामिल हुआ था। बाद में इसे विशेष रूप से राष्ट्रपति और उच्च कमांड के लिए अपग्रेड किया गया।

**यूएस-ईरान के बीच शुरू हो चुका है जंग का नया दौर**

**परमाणु युद्ध में भी नहीं होता है यह विमान तबाह, कई फीचर्स बनाते हैं इसे खास**

### ईरान के कई ठिकानों पर हमला

इधर, अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग भीषण रूप ले चुकी है। अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान भी ताबड़तोड़ अटैक कर रहा है। सेंटकॉम के बयान के अनुसार, अमेरिकी फाइटर जेट्स, नौसेना के युद्धपोत, वन-वे अटैक एरियल ड्रोन और सी ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, तटीय रडार साइट्स, मिसाइल और ड्रोन ठिकानों तथा छोटी हमलावर नावों को निशाना बनाया गया। अमेरिका का दावा है कि इन हमलों का उद्देश्य हॉर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों पर ईरान की हमले की क्षमता को नष्ट करना है।



### ईरान ने भी कुवैत, बहरीन, जॉर्डन, ओमान में बनाया अमेरिकी एयरबेस को निशाना

दूसरी ओर ईरान ने भी अमेरिका पर पलटवार किया। तेहरान ने कुवैत, बहरीन, जॉर्डन और ओमान में स्थित अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। ईरानी सेना के आधिकारिक बयान में अमेरिकी कार्रवाई को 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर के बुनियादी सिद्धांतों का खुला उल्लंघन' बताया गया। ईरान ने इन हमलों में सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने का आरोप भी लगाया।

### ब्रिटेन में आईआरजीसी आतंकी संगठन घोषित

*ब्रिटेन ने ईरान की शक्तिशाली सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने का फैसला किया है। इस निर्णय के बाद ब्रिटेन में आईआरजीसी का समर्थन करना आपराधिक अपराध माना जाएगा। लंबे समय से इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने को लेकर ब्रिटेन में राजनीतिक बहस चल रही थी, जिसके बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि यह फैसला ब्रिटेन की धरती पर ईरान से जुड़े कथित सुरक्षा खतरों और साजिशों के बाद लिया गया है। इनमें ईरान इंटरनेशनल टेलीविजन से जुड़े दो पत्रकारों की कथित हत्या की साजिश और ब्रिटिश हितों को निशाना बनाने वाले साइबर हमले भी शामिल हैं।*

## 'वन्दे माँ नर्मदे' का लोकार्पण, नर्मदा संस्कृति के संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा की जीवनदायिनी माँ नर्मदा पर आधारित पुस्तक 'वन्दे माँ नर्मदे' का लोकार्पण रविवार को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में हुआ। कार्यक्रम में संतों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

आचार्य शुभेश शर्मन द्वारा लिखित पुस्तक का लोकार्पण परम पूज्य महामण्डलेश्वर आचार्य डॉ. स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज के सान्निध्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती महाराज ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारत की नदियाँ केवल जलधाराएँ नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और सभ्यता की आधारशिला हैं। उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर आधारित साहित्य के सृजन को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिल्ली प्रांत प्रचारक डॉ. अनिल अग्रवाल तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन प्रो. बलराम पाणी ने कहा कि ऐसे ग्रंथ भारतीय संस्कृति, इतिहास और आध्यात्मिक परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेखक आचार्य शुभेश शर्मन ने कहा कि यह पुस्तक माँ नर्मदा की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महिमा को जन-जन तक पहुँचाने का एक विनम्र प्रयास है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने माँ नर्मदा के संरक्षण तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन पर बल दिया। संचालन डॉ. अमित राय जैन ने किया। कार्यक्रम का आयोजन किताबवाले, नई दिल्ली द्वारा किया गया। अंत में प्रशांत जैन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## हॉल को मिला तेजस का सातवां इंजन

**नईदिल्ली।** भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाला एलसीए तेजस एमके 1ए कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस से सातवां एफ404-आईएन20 इंजन मिल गया है। साथ ही, छठे इंजन में आई समस्या को जीई ने ठीक कर दिया है। यह खबर तेजस एमके1A प्रोजेक्ट के लिए पॉजिटिव है, हालांकि पूरा प्रोजेक्ट अभी भी



दो साल से ज्यादा की देरी का सामना कर रहा है। एफ404-आईएन20 इंजन तेजस फाइटर जेट का दिल है। यह हल्का, शक्तिशाली और आधुनिक इंजन है। जो लड़ाकू विमान को जरूरी थ्रस्ट, गति और मैन्यूवरेबिलिटी देता है। जीई एयरोस्पेस इस इंजन को हाल के लिए सप्लाई कर रहा है। सातवें इंजन की डिलीवरी से कार्यक्रम को गति मिलने की उम्मीद है। छठा इंजन भारत पहुंचने के बाद हाल की क्वालिटी जांच में खराबी आ गई थी। हाल ने इसे जीई को वापस भेजा या समस्या की सूचना दी। जीई ने जरूरी मरम्मत के बाद इंजन को फिर से ऑपरेशनल बना दिया।

## बांग्लादेश में बारिश बाढ़ से 51 की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश में लगातार हो रही भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, 10 लाख से अधिक लोग इस आपदा से प्रभावित हुए हैं, जबकि हजारों परिवारों को अपने घर छोड़कर राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश के कारण देश के कई हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। सबसे अधिक नुकसान कॉक्स बाजार जिले में हुआ है, जहां अब तक 28 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह इलाका दुनिया के सबसे बड़े रोहिंग्या शरणार्थी शिविर का भी केंद्र है। राजधानी ढाका में भी हालात गंभीर हैं। कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे यातायात बाधित हो गया है। स्थानीय मीडिया ने शहर की जल निकासी व्यवस्था को लेकर प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं।

## गोहत्या पर लगा प्रतिबंध हटा सुप्रीम कोर्ट ने पलटा फैसला

### कहा- इसमें सुधार की जरूरत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस विवादित फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें तमिलनाडु सरकार को बकरीद या किसी भी अन्य दिन गाय और बछड़े के वध को रोकने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने इस पूर्ण प्रतिबंध के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया है। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को बकरीद की पूर्व संध्या पर या किसी अन्य दिन राज्य में किसी भी गाय या बछड़े का वध न सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के फैसले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि हाईकोर्ट के इस आदेश में सुधार की आवश्यकता है, जिसके बाद कोर्ट ने फैसले के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए प्रतिपक्षियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### सरकार का तर्क

*तमिलनाडु सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के पूर्ण प्रतिबंध वाले फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए मजबूती से अपना पक्ष रखा। राज्य सरकार का मुख्य तर्क था कि हाईकोर्ट द्वारा लगाया गया ये पूर्ण प्रतिबंध 'तमिलनाडु पशु संरक्षण अधिनियम, 1958' के मूल कानूनी प्रावधानों के पूरी तरह खिलाफ है।*

### कुर्बानी रोकने कहा था मद्रास हाईकोर्ट ने


*मद्रास हाईकोर्ट ने 27 मई को ( बकरीद से एक दिन पहले) तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य में बकरीद या किसी अन्य दिन गाय और बछड़ों की कुर्बानी न हो। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायण की बेंच ने कहा था, संविधान सभा की बहस में कहा गया था कि गाय भारत में पूजनीय मानी जाती है। भगवान कृष्ण के समय से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही है। कई मुस्लिम शासकों ने भी गोहत्या पर रोक लगाई थी।*



BILASPUR: INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | PARSADA, TRANSPORT NAGAR: M SQUARE MOTORS: 7000857522 | KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS: 7583887512, 6261683314.
*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है। छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है।

# माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में फाइब्रॉइड का सफल लैप्रोस्कोपिक ऑपरेशन

**बिलासपुर ।** माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बिलासपुर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा माखीजा ने एक महिला के गर्भाशय से लगभग 18.7 × 12.5 × 15.9 सेंटीमीटर आकार के विशाल फाइब्रॉइड को सफलतापूर्वक लैप्रोस्कोपिक (दूरबीन विधि) सर्जरी से निकालकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आमतौर पर इतने बड़े फाइब्रॉइड के लिए ओपन सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और विशेषज्ञ अनुभव के कारण यह जटिल सर्जरी केवल छोटे चीरों के माध्यम से सफलतापूर्वक की गई।



सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी तेज़ हो रही तथा उसे अपेक्षाकृत कम समय में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. प्रतिभा माखीजा ने बताया कि



वर्तमान समय में उन्नत लैप्रोस्कोपिक तकनीकों की सहायता से बड़े आकार के फाइब्रॉइड का भी सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार संभव है। इस तकनीक से मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव, छोटे निशान, कम अस्पताल प्रवास तथा शीघ्र सामान्य जीवन में लौटने जैसे अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि यदि उन्हें अत्यधिक मासिक रक्तस्राव, पेट या पेल्विक दर्द, पेट में सूजन या भारीपन, बार-बार पेशाब आने की समस्या अथवा गर्भधारण में कठिनाई जैसी शिकायतें हों, तो समय पर स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें। माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, बिलासपुर में महिलाओं के लिए अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक एवं हिस्ट्रोस्कोपी सर्जरी एवं स्त्री रोग उपचार की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जहां अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बड़ा फाइब्रॉइड, छोटा चीरा और बेहतर परिणाम यही है आधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की पहचान। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8085758585

## रुपया 27 पैसे टूटकर 95.65 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को 27 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.65 (अस्थायी) पर रहा। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा के बाद रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है।


## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 03 एवं 04 /व.ले.लि./2026-27 दिनांक. 10.07.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 31.07.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

01. कार्य का नाम – खारंग जलाशय बांयी तट मुख्य नहर के पथरताल माईनर, जैतपुर माईनर, ओखर माईनर एवं खपरी डिस्ट्रीब्यूटरी में सी.सी. लाईनिंग का मरम्मत / नवीनीकरण एवं जैतपुर माईनर के आर.डी. 2640 मी. पर व्ही.आर.बी. का पुर्ननिर्माण एवं ओखर माईनर के आर.डी. 150 मी. व आर.डी. 360 मी. पर 02 नग फॉल का पुर्ननिर्माण एवं खपरी डिस्ट्रीब्यूटरी व ओखर माईनर के माईनर हेड रेगुलेटर का पुर्ननिर्माण कार्य।

निविदा सिस्टम क्र. 195004, अनुमानित लागत रू. 264.17 लाख, (जी.एस.टी. छोडकर) (एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

02. कार्य का नाम खारंग जलाशय परियोजना के अंतर्गत बेलटुकरी माईनर, गुडी माईनर एवं कछार सब माईनर नहर के पक्के कार्यों का पुर्ननिर्माण एवं जीर्णोद्वार कार्य।

निविदा सिस्टम क्र. 195005, अनुमानित लागत रु. 228.87 लाख (जी.एस.टी. छोडकर) (एस.ओ.आर.01.05. 2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.07.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है।

3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. छोडकर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 262702047/4


## वाहन क्षेत्र में जून तिमाही के दौरान हुए 20 बड़े सौदे

**नई दिल्ली।** भारतीय वाहन क्षेत्र में वर्ष 2026 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान हुए सौदों का कुल मूल्य 71.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले तीन साल का सबसे कम तिमाही लेनदेन है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ग्रांट थॉर्नटन भारत की नवीनतम 'ऑटोमोटिव डीलट्रैकर' रिपोर्ट में कहा गया है कि जून तिमाही के दौरान वाहन क्षेत्र में कुल 20 सौदे हुए। हालांकि, सौदों की संख्या घटने के बावजूद सौदों का कुल मूल्य अपेक्षाकृत मजबूत बना रहा। तिमाही आधार पर कुल सौदा मूल्य में चार प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। इसका बड़ा हिस्सा मुख्य रूप में परिवहन मंचों, वाहन प्रौद्योगिकी एवं पूंजी बाजार से जुड़े निवेश में केंद्रित रहा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साझेदार और वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र के प्रमुख साकेत मेहरा ने कहा, /"तिमाही के दौरान सौदों की संख्या में कमी आई, लेकिन निवेश उन कंपनियों पर केंद्रित रहा जो भविष्य के परिवहन परिदृश्य को आगे बढ़ा रही हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, पूंजी बाजार गतिविधियों को छोड़कर, इस क्षेत्र में 18 विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) और निजी इक्विटी (पीई) एवं उद्यम पूंजी (वीसी) सौदे हुए, जिनका कुल मूल्य 47.9 करोड़ डॉलर रहा। इस दौरान एमएंडए गतिविधियां सीमित रहीं और पांच सौदों के जरिये 13.8 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ।


## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास)
## जिला बलरामपुर-रामानुजगंज मुख्यालय बलरामपुर (छ.ग.)

फोन नम्बर 07831-299063 ई-मेल :-acbalrampur@gmail.com

### संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक / 981 / निर्माण/आ.वि./2026 बलरामपुर, दिनांक – 07/07/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में "ए" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग भवन निर्माण हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित दर अनुसूचि में फार्म-A (प्रतिशत दर आधार पर) द्वितीय ई-निविदा दिनांक 21.07.2026 सायं 5.00 बजे तक निम्न तालिका में दर्शित कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 194899 | प्रयास आवासीय विद्यालय जिला बलरामपुर भवन निर्माण | 24,06,00,000-00 | 5,00,000-00 | 26 माह (वर्षाकाल सहित) |

(शब्दो में:- रूपये चौबीस करोड़ छः लाख मात्र)

टीप:-निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बलरामपुर-रामानुजगंज

जी. 262702075/5



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 719,720,721 / निर्माण / 2026 दिनांक 07.07.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 54 बरेड़ीमुडा महंत मोहल्ला कबीर चौरा के पास आहता एवं शेड निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा) | 10.00 | 22.07.2026 (T.No. 194945) |
| 2 | वार्ड क्र. 52 अंतर्गत धीवर समाज के मांग अनुरूप सीपेट कॉलेज के सामने हनुमान मंदिर के पास सामुदासिक भवन निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा) | 10.00 | 22.07.2026 (T.No. 194944) |
| 3 | वार्ड क्र. 54 जमनीपाली स्थित सामुदायिक भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण सासंकृतिक मंच एवं पेवर ब्लाक निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा) | 15.00 | 22.07.2026 (T.No. 194943) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)



## (राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के तहत गठित)

CBSE Affiliation Code- 3320461 School No.- 17440
UDISE CODE-22031300412
वि.ख. पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.)- 496118
वेबसाइट- emrssukhrapara.in ई-मेल- emrssukhrapara@gmail.com
(constituted under National Education Society for Tribal Students)
CBSE Affiliation Code- 3320461 School No.- 17440
UDISE CODE-22031300412 Block-Pathalgaon, Dist.- Jashpur (C.G.)- 496118
Website- emrssukhrapara.in Email- emrssukhrapara@gmail.com

क्र./ 524 /EMRS/ अति. शिक्षक/2026-27 सुखरापारा, दिनांक 10/07/2026

### विज्ञापन

कलेक्टर/ अध्यक्ष जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला जशपुर अंतर्गत जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये अस्थायी रूप से अंग्रेजी माध्यम सी.बी.एस.ई. पैटर्न पर शाला संचालन हेतु निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षक टी. जी.टी.पी.जी.टी. एवं गैर शैक्षणिक पद की व्यवस्था हेतु 31.03.2027 तक या पदों के विरूद्ध नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो पात्र अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता के अंको तथा वाक-इन-इंटरव्यू (साक्षात्कार) के अंको के आधार पर बनाई गई मेरिट सूची के आधार पर अतिथि शिक्षक लिया जाना है। आवेदन पत्र दिनांक- 10/07/2026 से 21/07/2026 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा जिला- जशपुर (छ.ग.) में अभ्यर्थी पंजीकृत डाक /स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक फार्म जमा कर सकते हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा, विकास खण्ड पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) में पी.जी.टी. रसायन शास्त्र - 01 पद, पी.जी.टी. अर्थशास्त्र 01 पद, पी.जी.टी. इतिहास 01 पद, पी.जी.टी. भूगोल- 01 पद पी.जी.टी. राजनीति विज्ञान 01 पद, पी.जी.टी. जीवविज्ञान 01 पद, पी.जी.टी.हिन्दी 01 पद, पी.जी.टी. कम्प्यूटर साइंस 01 पद, टी.जी.टी. अंग्रेजी 01 पद, टी.जी.टी. गणित 01 पद, टी.जी.टी. सामाजिक विज्ञान 01 पद, टी.जी.टी. (पी.ई.टी.महिला) 01 पद, टी.जी.टी संगीत शिक्षक 01 पद, स्टॉफ नर्स 01 पद के पद रिक्त है। साक्षात्कार दिनांक 23/07/2026 को विषय पी.जी.टी. (रसायन, इतिहास, हिन्दी) टी.जी.टी. (पी.ई.टी. महिला), स्टॉफ नर्स। दिनांक 24/07/2026 को विषय पी.जी.टी. (जीवविज्ञान, राजनीति विज्ञान, भूगोल), टी.जी.टी (गणित, संगीत, सामाजिक विज्ञान) एवं दिनांक 25/07/2026 को पी.जी.टी. (अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर सांईस, अंग्रेजी) शिक्षक का जिला पंचायत जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) के सभागार में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया जायेगा। विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिला जशपुर की वेबसाइट http://www.jashpur.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

Principal
Eklavya Model Residential
School-Sukhrapara, Pathalgaon
Distt-Jashpur (C.G.)

जी. 262702085/2



## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक / GENS-2101/3569/2026/ EXAM-Part(3) DIS/594816/2026 नवा रायपुर, दिनांक 10/07/2026

### सहायक ग्रंथपाल (प्रारंभिक) परीक्षा-2026 के संबंध में दिव्यांगजनों हेतु महत्वपूर्ण सूचना

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 01/2026/परीक्षा/दिनांक 21.04.2026 के तहत सहायक ग्रंथपाल (प्रारंभिक) परीक्षा दिनांक 26 जुलाई 2026 (रविवार) को जिला बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी है।

02/ सहायक ग्रंथपाल (प्रारंभिक) परीक्षा-2026 में दिव्यांगजनों को सह-लेखक की सुविधा दिये जाने/अथवा रखे जाने की अनुमति दिये जाने संबंधी निम्नानुसार निर्देश जारी किये गये हैं-

(i) आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 तथा भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्र क्रमांक F.No. 29-6/2019-DD-III Dated 10/08/2022 के अनुसार अभ्यर्थी को प्रपत्र-1 एवं प्रपत्र-2 पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है तथा उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए सह लेखक की सेवाएं लेना अपरिहार्य है, सह लेखक के उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। अभ्यर्थी स्वयं नियमानुसार सह लेखक की व्यवस्था कर सकते है अथवा जिला कार्यालय से सहलेखक उपलब्ध कराने हेतु निवेदन कर सकते है।

(ii) स्वयं के अथवा जिला कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए सह लेखक की योग्यता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता मापदंड से कम होनी चाहिए तथापि सह लेखक की योग्यता सदैव मैट्रिक अथवा इससे अधिक होनी चाहिए। अपना सह लेखक लाने या जिला कार्यालय को इसके लिए अनुरोध करने संबंधी विवेकाधिकार उम्मीदवार का है। परीक्षा में सह लेखक की सुविधा लेने वाले अभ्यर्थी जो जिला कार्यालय से सह लेखक प्राप्त करना चाहते हो अथवा स्वयं सह लेखक लाना चाहते हो तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन के समय विज्ञापन के परिशिष्ट- पांच, छः, सात एवं आठ के अनुसार उपलब्ध प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 प्राप्त कर, प्रपत्र-1 में सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, प्रपत्र-2 व प्रपत्र-3 में परिक्षार्थी के हस्ताक्षर, प्रपत्र-4 में सहलेखक के हस्ताक्षर प्राप्त कर जिला कार्यालय से सहलेखक प्राप्त करने अथवा स्वयं अपने सह लेखक को परीक्षा दिवस के दिन अपने साथ ले जाने हेतु संबंधित जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे अन्यथा अभ्यर्थी सहलेखक के सुविधा का उपयोग नहीं कर सकेंगे। स्वयं सहलेखक की व्यवस्था करने अथवा जिला कार्यालय से सहलेखक की सुविधा लेने, दोनो ही स्थितियों में प्रपत्र 01, 02, 03 व 04 पूर्ण रूप से भरकर एवं संबंधित द्वारा हस्ताक्षरित कराकर संबंधित जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर, सहलेखक संबंधी अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा परीक्षा दिवस के दिन अभ्यर्थी सहलेखक की सुविधा का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

(iii) नेत्रहीनता, दोनों बाजुओं से प्रभावित और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात श्रेणियों के अंतर्गत बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रत्येक घंटे हेतु 20 मिनट प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा। परिशिष्ट पांच से आठ तक उपलब्ध प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है, यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

जिन अभ्यर्थियों को सहलेखक की सुविधा दी जाती है उन अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे इस संबंध में सभी औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात परीक्षा तिथि के 05 दिन पूर्व आयोग द्वारा अधिकृत संबंधित जिला कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन के पश्चात डाउनलोड किए गए प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र 3 एवं प्रपत्र-4 को भरकर तथा संबंधित के हस्ताक्षर प्राप्त कर संपर्क करें। जिला कार्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के नाम से जारी पत्र जिसमें अभ्यर्थी को परीक्षा में सहलेखक के उपयोग की अनुमति सहलेखक के विवरण के साथ दी जाएगी। विस्तृत निर्देश एवं प्रपत्र हेतु आयोग के विज्ञापन क्रमांक 01/2026/परीक्षा/दिनांक 21.04.2026 का भलीभांति अध्ययन कर लेवें।

3/ अभ्यर्थी एवं उनके सहलेखक द्वारा सहायक ग्रंथपाल (प्रारंभिक) परीक्षा-2026 में केल्क्यूलेटर का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। अभ्यर्थी एवं सहलेखक को अपने साथ डिजिटल डायरी, केल्क्यूलेटर, सेल्युलर फोन, पेजर और स्मार्ट वॉच लाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

4/ परीक्षा परिसर में एवं भवन के अंदर वीक्षक व केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों का पालन अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन नहीं करता है / अशिष्ट, उद्दण्ड आचरण करता है/अनुचित/अशोभनीय या अश्लील व्यवहार करता है तो वह परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा एवं उसकी परीक्षा निरस्त की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थी ऐसे दण्ड का भी भागी होगा, जो आयोग उचित समझे।

परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. लोक सेवा आयोग नवा रायपुर अटल नगर

जी. 262702082/2



## ध. मा., शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक, धरमपुरा-2, जगदलपुर, छ0ग0-494001

(तकनीकी शिक्षा विभाग छत्तीसगढ शासन के अधीन एवं अ.भा.त.शि.प. द्वारा अनुमोदित संस्था)
email: ggpoly@gmail.com Website-www.ggpolyjdp.ac.in

### शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु विज्ञापन
### बस्तर अंचल की विद्यार्थियों को PPT परीक्षा से छूट प्रदान कर "त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु पॉलीटेक्निक, में सीधे प्रवेश का अवसर"

बस्तर जिले एवं संभाग की छात्राओं को संभाग में स्थित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु विशेष अवसर प्रदान करते हुए PPT प्रवेश परीक्षा में छुट प्रदान की गई है, जिसके आधार पर बिना PPT परीक्षा दिये हुए बस्तर अंचल के छात्र-छात्राऐं बस्तर संभाग में स्थित पॉलीटेक्निक संस्थओं में प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सीधे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

बस्तर जिला में स्थित ध. मा., शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक, धरमपुरा, जगदलपुर में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया का तृतीय चरण दिनांक 11 जुलाई 2026 से 16 जुलाई 2026 तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में बस्तर अंचल की छात्राऐ संस्था में संचालित 4 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में ऑन लाईन आवेदन कर सीधे प्रवेश कर अवसर प्राप्त कर सकती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम का नाम | प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | संभावित रिक्त सीटों की संख्या | तृतीय चरण ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आधुनिक कार्यालय प्रबंधन (M.O.M.) | 12 वी उत्तीर्ण | 11 | 11 जुलाई 2026 प्रातः 10:00 बजे से 16 जुलाई 2026 रात्रि 11:59 बजे तक (वेबसाइट लिंक https://dte.cg.gov.in एवं https://cgdte.admissions.nic.in में) |
| 2 | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूर संचार इंजी. (ET.E) | 10 वी उत्तीर्ण | 44 | |
| 3 | सूचना प्रौद्योगिकी (I.T.) | 10 वी उत्तीर्ण | 20 | |
| 4 | वेश अभिकल्पन एवं पोशाक निर्माण (C.D.D.M.) | 10 वी उत्तीर्ण | 20 | |

उपरोक्त कॉलम 03 में दर्शित रिक्त सीटो की संख्या संभावित है, जिसमें परिवर्तन हो सकता है।

तृतीय चरण में प्राप्त आवेदनों के आधार पर दिनांक 17/07/2026 को मेरिट सूची जारी की जावेगी।
1 मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आबंटन हेतु अवसर लेने के लिए अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में 18 जुलाई 2026 प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
2. संस्था द्वारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने की कार्यवाही 18 जुलाई 2026 प्रातः 10:00 बजे से 21 जुलाई 2026 अपरान्ह 01:00 बजे तक की जायेगी।
3. यदि संस्था में सीटें रिक्त रहती है तो 21 जुलाई 2026 अपरान्ह 01:30 बजे से 22 जुलाई 2026 अपरान्ह 05:30 बजे तक निम्नलिखित सभी अभ्यर्थियों को मेरिट सूची के अनुसार अवसर प्रदान किया जाएगा -
जो दिनांक 18 जुलाई 2026 को(क) उपस्थित नहीं हो पाए (अनुपस्थित)
(ख) उपस्थित हुए लेकिन उन्हें आबंटन नही मिला।
(ग) सीट आबंटित /प्रवेशित है परंतु वे अपने उच्च वरीयता (Higher Preference) विषय / विकल्प का चयन करना चाहते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु संस्था में "अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र" की भी स्थापना की गई है, जिनके प्रभारी का सम्पर्क नम्बर 7566513166 एवं 9827491945 है। इच्छुक छात्र-छात्राऐं "अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र" में उपस्थित होकर ऑन लाईन आवेदन एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

प्रवेश संबंधी या अन्य विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट https://dte.cg.gov.in एवं https://cgdte.admissions.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है या संस्था के कार्यालयीन समय में संस्था धरमपुरा-2, जगदलपुर में उपस्थित होकर छात्राऐं / पालक आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्राचार्य,
ध. मा., शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक,
जगदलपुर, (छ0ग0)

जी. 262702088/2



## कार्यालय, आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक-डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

कमांक/आदि.यो./03/2026-27/2312 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10.7.26

### गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान वर्ष 2026 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा अनुसूचित जाति के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति या एक स्वैच्छिक संस्था को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा "गुरु घासीदास की स्मृति में प्रदेश स्तर का सम्मान प्रदान किया जाता है। वर्ष 2026 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है।

1/ **सम्मान का स्वरूप :-**
उक्त सम्मान के अंतर्गत रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति पटिट्का दिये जाने का प्रावधान है। सम्मान की नगद राशि एक व्यक्ति / संस्था को दी जा सकती है।

2/ **आवेदन/प्रविष्टयां भेजने की समयावधि तथा स्थल :-**
2.1 पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र / प्रविष्टियां समाज सेवी व्यक्ति / संस्था द्वारा बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा दिनांक 05.08.2026 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय सचिव, छ.ग. राज्य, अनुसूचित जाति आयोग, शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर रोड पुराना लोक सेवा आयोग परिसर, रायपुर छ.ग. में प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त निर्धारित तिथि / समयावधि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों / आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
2.2 नियम की प्रति विभागीय वेबसाईट www.cgtribal.gov.in पर उपलब्ध है।
2.3 प्रविष्टियां/आवेदन पत्र के लिफाफे पर 'गुरु घासीदास स्मृति सम्मान वर्ष 2026 अंकित होना चाहिए।

3/ **प्रविष्टियां/आवेदन एवं चयन की प्रक्रिया के मापदण्ड:-**
सम्मान के लिए प्रविष्टियां / आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है:-
1. व्यक्ति / संस्था का पूर्ण परिचय।
2. अनुसूचित जाति के लोगों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के लिए किये गये कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया गया हो तो उसका विवरण।
4. सामाजिक आर्थिक व भौक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विशय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित)।
5. अनुसूचित जाति के लोगों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य।
6-व्यक्ति / संस्था के निरंतर एवं निर्विवाद होने के बारे में संबंधित जिलाध्यक्ष का नवीनतम ताजा) प्रमाण पत्र।
7-चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति / संस्था की सहमति।
8. ज्यूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति / संस्था द्वारा व्यक्ति / संस्था के कार्यों के प्रत्यक्ष आकलन के संबंध में सहमति।
9. चयन के लिये नियमों में निर्दिश्ट मापदण्डों के अलावा कोई और 'शर्ते लागू नहीं होगी।
10. एक बार चयन नही होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित व्यक्ति / संस्था का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नही हैं।
11. प्रविश्टि में अंतर्निहित तथ्यों / जानकारी के अलावा अन्य प चातवर्ती पत्र व्यवहार पर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों / निश्कर्शो/ प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविश्टिकर्ता का रहेगा। इस मामलें में राज्य शासन को किसी भी विवाद में पक्षकार नहीं माना जायेगा।
13. संस्था / व्यक्ति को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देना होगा कि ज्यूरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा संस्था / व्यक्ति के कार्यों का प्रत्यक्ष आंकलन किया जा सकता है। इस हेतु वे (संस्था/व्यक्ति) सहमत हैं। इसी प्रकार चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने की सहमति देनी होगी।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

जी. 262702067/2


## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6286



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6285 का हल



## सूडोकु नवताल 6296

★★★★★ कठिनतम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6295 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# एक माह पूर्व होगी परीक्षा, इसलिए जुलाई से ही स्कूलों में खेल गतिविधियां

## संभाग स्तरीय खेल अपेक्षाकृत पहले, इसलिए जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के शिक्षा संभागों में खेल गतिविधियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जुलाई के प्रथम सप्ताह से ही खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। सामान्यतः खेल गतिविधियां अगस्त माह से शुरू होती है।

शैक्षणिक सत्र 2027-28 की शुरुआत 16 जून के स्थान पर एक अप्रैल से होगी।मार्च अंत तक परीक्षा कार्य संपन्न कराने तथा अप्रैल माह से नवीन शैक्षणिक प्रारंभ किए जाने संबंधित आदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया जा चुका है। ऐसे में परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियां भी मार्च अंत तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में यह पहली बार है, जब शाला प्रवेशोत्सव के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताएं शुरू कर दी गईं। प्रतियोगिताओं के नियम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पूर्व की भांति संभाग स्तर से प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। इसके विजेता खिलाड़ी छात्रों को क्रमशः आगे चरण में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय विजेता खिलाड़ी छात्र राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में छग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

- **अब तक अगस्त से प्रारंभ होती रही हैं विद्यालयीन खेल गतिविधियां**

### अन्य बोर्ड में भी प्रारंभ

सीबीएसई में भी नए सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से ही होती है। कई अन्य बोर्ड में भी इस तरह की ही व्यवस्था है। यहां भी जुलाई में ही खेल प्रतियोगिताएं शुरू कर दी जाती हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत शीघ्र प्रारंभ होती है। बीते वर्षों में कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई जब खेल की किसी विधा की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रारंभ होने की तिथि तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं ही आयोजित नहीं हो सकी थीं। ऐसे में छग से प्रतिनिधि छात्रों को भेजा ही नहीं जा सका। शीघ्र प्रतियोगिताएं शुरू होने की स्थिति में प्रत्येक खेल में प्रतिभागी भेजे जा सकेंगे।

### इधर, नुकसान भी

रायपुर जिले के शेड्यूल के मुताबिक 6 जुलाई से खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो चुकी हैं। पूरक परीक्षाओं के परिणाम नहीं आने, स्थानांतरण अथवा कई अन्य कारणों से कई छात्र अपेक्षाकृत विलंब से दाखिले लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 16 जून से स्कूल प्रारंभ होने के बाद भी विद्यार्थी जुलाई के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह से आना प्रारंभ करते हैं। नियमित रूप से छात्रों का आना सामान्यतः जुलाई के दूसरे पखवाड़े से ही प्रारंभ हो पाता है। इसलिए जल्द प्रारंभ हुई प्रतियोगिताओं में कई विद्यार्थी हिस्सा ही नहीं ले सके।

## डीएसपी को ठगने की कोशिश में पकड़ा गया था जालसाज

# फर्जी केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारी ने अलग अलग लोगों से की है 84 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



केंद्रीय गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सहायक आयुक्त बताकर लोगों के साथ ठगी करने वाले रजनीश कुमार राय ने अलग-अलग लोगों से 84 लाख रुपए की ठगी की है। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद आधा दर्जन पीड़ित ने सिविल लाइंस थाना पहुंचकर पुलिस को अपने साथ ठगी होने की जानकारी दी है।

जनार्दन यादव ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में रजनीश कुमार उनके अमलेश्वर स्थित घर को खरीदने के सिलसिले में संपर्क में आया था। इस दौरान उसने स्वयं को भारत सरकार के गृह मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ अधिकारी बताया। उसने फर्जी पहचान पत्र भी दिखाया और बड़े अधिकारियों व नेताओं से अपनी ऊंची पहुंच होने का दावा किया। धीरे-धीरे उसने परिवार का विश्वास जीत लिया और लगातार घर आना-जाना शुरू कर दिया।

### नौकरी दिलाने के नाम पर लिए 12 लाख रुपए

जालसाज ने जनार्दन को उनकी बेटी आकृति को एम्स में क्लर्क और बेटे अर्पित को आईबी में एएसआई की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। दोनों की नौकरी के लिए 6-6 लाख रुपए रुपये की मांग की गई। अक्टूबर 2024 में जालसाज ने जनार्दन को रायपुर बुलाया, जहां उसने सरकारी पहचान पत्र दिखाकर विश्वास दिलाया और उसी दिन चार लाख रुपए नकद ले लिए। बाद में अलग-अलग किस्तों में नकद और आनलाइन माध्यम से शेष राशि भी ले ली। परिवार का विश्वास जीतने के बाद उसने पीड़ित की बेटी स्वाति यादव और आकृति यादव के एटीएम कार्ड भी अपने पास रख लिए और उनका दुरुपयोग किया।

**एक का विश्वास हासिल कर उसकी दोनों बेटी का एटीएम कार्ड हासिल कर अपने पास रख लिया था**

### अन्य लोगों से भी की ठगी

जालसाज ने कई अन्य लोगों से भी सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। इनमें रघुनाथ यादव, शैलेश यादव, छाया शर्मा, महेंद्र पाल कौशिक, नेशपाल कौशिक और दिव्यांशु गुप्ता से 84 लाख रुपए की ठगी की है। आरोपी ने लोगों को एम्स, आईबी, नारकोटिक्स विभाग, पुलिस उपनिरीक्षक, आरक्षक और क्लर्क जैसे पदों पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।

### डीएसपी के साथ ठगी करने की कोशिश में पकड़ा गया

डीएसपी के पद पर पदस्थ गुरुनारायण से ट्रेन में मुलाकात होने के बाद जालसाज ने उनके साथ संपर्क बढ़ाया और अपनी ऊंची पहुंच तथा रसूख का झांसा देकर जालसाज ने डीएसपी को मनचाही जगह पर पोस्टिंग कराने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की मांग की। इस बीच जालसाज के पास अलग-अलग केंद्रीय विभाग के आईकार्ड देख डीएसपी को उस पर शंका हुई और उन्होंने इसकी थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/728 Raipur, date 09.07.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2026/50 | Annual work of sweeping & cleaning of Roads & Drains in power house premises and cleaning, collection and removal of water hyacinth, kai, floating materials etc. from Raw Water Reservoir (Both compartment) channel & forebay of CW pump house & intake pump house of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa **E-Comp. No. 274615** | 12.62 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2026/51 | Annual sweeping and cleaning of Administrative building at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. **E-Comp. No. 404025** | 12.82 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2026/52 | Annual work of providing plumber gang for R & M of internal lines and providing carpentry gang for day to day maintenance of carpentry work of residential and public building of colony premises at 2x500MW ABVTPS, CSPGCL Janjgir-Champa. **E-Comp. No. 349605** | 9.00 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2026/53 | Modification of drainage system between TP 05 & TP 06 at BTG area at 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL Janjgir-Champa. **E-Comp. No. 367296** | 10.03 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

**Chief Engineer (Civil)**
**CSPGCL, Raipur**

SAVE ELECTRICITY

इंडियन बैंक Indian Bank — इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक**
अंचल कार्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**ई-नीलामी**
दि.- 27.07.2026

परिशिष्ट-IV-क {(नियम- 8(6) का परन्तुक देखें} **अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्ज़ा** इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है,जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे उल्लेखित खातों में देय राशी की वसूली हेतु बेचा जाएगा. उधारकर्ता(ओं) / जमानतदार(ओं)/ प्रतिभूत संपत्तियों/ बकाया राशी / आरक्षित मूल्य/ अग्रिम राशी / ई-नीलामी की तिथि व समय एवं बोली वृद्धि राशी का विशिष्ट विवरण नीचे वर्णित है:-

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय- 27.07.2026, प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक**

| क्र. | उधारकर्ता व जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण / संपत्ति का अन्य ऋण भार- - ज्ञात नही | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य | अग्रिम राशि | बोली जमा करने की वृद्धिशील राशि | संपत्ति आईडी क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा- व्यापार विहार, बिलासपुर उधारकर्ता- मेसर्स न्यू सलीम ट्रेडर्स, प्रोप.: मोहम्मद वाहिद मेमन, दुकान नंबर 18, रतन प्लाजा, व्यापार विहार, बिलासपुर - 495001, बंधककर्ता एव जमानतदार- मोहम्मद युसुफ मेमन, मोहम्मद वाहिद मेमन, श्रीमती नसीम मेमन एवं श्रीमती जीनत मेमन | **व्यावसायिक भूमि** - खसरा नंबर 321/22 (भाग), प.ह नं 167, **क्षेत्रफल- 9156 वर्ग फीट**, मौजा- मुसलमानपारा, वार्ड नंबर 06, **तखतपुर**, जिला- मुंगेली (छ.ग) पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- मोहम्मद युसुफ मेमन एवं मोहम्मद वाहिद मेमन। * **भौतिक कब्ज़ा** | रु. 49527080/- + दिनांक 24.06.2026 से ब्याज एवं अन्य खर्च | रु. 37.08 लाख | रु. 3.70 लाख | रु. 10,000.00 | IDIB50000528175 |
| | | | | संपर्क व्यक्ति:- श्री संदीप सागर- 8109471566 | | | |

**अधिक जानकारी हेतु संपर्क करे : 9439223185 & 8902712622**

**नोट: यह नोटिस उधारकर्ता/ जमानतदार /बंधककर्ता और कानूनी उत्तराधिकारियों के लिए भी है**

इच्छुक बोलीदाताओं / खरीदारों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन पोर्टल **(https://www.baanknet.com)** पर पंजीकरण करें। इसके अलावा, अपना ईकेवाईसी पूरा करने के बाद, इच्छुक बोलीदाताओं / खरीदारों को ईएमडी राशि अपने ई-वॉलेट में दिनांक **27.07.2026** तक, पोर्टल में ई-नीलामी तिथि और समय से पूर्व स्थानांतरित करनी होगी। पंजीकरण, ईकेवाईसी व वॉलेट में ईएमडी का हस्तांतरण नीलामी से पूर्व ही पूरा किया जाना चाहिए । संपत्ति के विवरण व संपत्ति की तस्वीर एवं नीलामी के नियमों व शर्तों के लिए कृपया देखें: **https://www.baanknet.com** एवं इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया संपर्क करें **(फोन- 8291220220, ईमेल आईडी- support.baanknet@psballiance.com)**. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे **https://www.baanknet.com** वेबसाइट पर संपत्ति खोजते समय ऊपर उल्लिखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

दिनांक: 14.07.2026, स्थान- बिलासपुर — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 8699142824

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 9 का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **04/08/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स कृष्णा एंटरप्राइजेज प्रोपराइटर- कनक रमानी** प्रथम तल एसएस प्लाजा पावर हाउस रोड कोरबा छत्तीसगढ़-495677 जमानतदार **(1) श्री सुनील रमानी पुत्र सी एल रमानी (2) श्री संजय रमानी पुत्र चंदर लाल रमानी** **मैसर्स कृष्णा शू मॉल द्वारा प्रोपराइटर- श्री सुनील रमानी पुत्र सी एल रमानी** वार्ड क्रमांक 01, दलिया गोदाम के पास रामसागरपारा कोरबा, छ.ग.-495678 **जमानतदार- श्री संजय रमानी पुत्र चंदर लाल रमानी** | दुकान संख्या जीएफ-13 (भूतल), सिटी सेंटर - कोरबा, साकेत नगर पावर हाउस रोड, वार्ड नंबर 2, कोरबा सिटी, पीसी नंबर 09, आर.आई.सी. कोरबा, तहसील और जिला - कोरबा, (छत्तीसगढ़) बिल्टअप क्षेत्रफल: 733.31 वर्गफीट (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 953.30 वर्गफिट) संपत्ति मालिक- श्री सुनील रमानी पुत्र सी एल रमानी चर्तुसीमाएं: उत्तरः दुकान नंबर जीएफ-14, 16 एवं 17, दक्षिणः दुकान नंबर जीएफ-12, पूर्वः गलियारा, पश्चिमः खुला क्षेत्र **सांकेतिक कब्जा** <br> दुकान संख्या जीएफ-14 (भूतल), सिटी सेंटर - कोरबा, साकेत नगर पावर हाउस रोड, वार्ड नंबर 2, कोरबा, पीसी नंबर 09, आर.एन.एम, कोरबा सिटी, तहसील और जिला - कोरबा, (छत्तीसगढ़) बिल्टअप क्षेत्रफल: 445.08 वर्गफीट (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 578.60 वर्गफिट) संपत्ति मालिक- श्री सुनील रमानी पुत्र चंदर लाल रमानी और श्री संजय रमानी पुत्र चंदर लालरमानी चर्तुसीमाएँ: उत्तरः दुकान संख्या जीएफ-15, दक्षिणः दुकान संख्या जीएफ-13, पूर्वः गलियारा, पश्चिमः दुकान संख्या जीएफ-16 और 17 **सांकेतिक कब्जा** | 28.10.2024 / 04.01.2025 / दि. 08/07/2026 को ₹ 1,00,34,275.47 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 1,20,65,000/- / ₹ 12,06,500/- / ₹ 10000/- |


**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 03/08/2026, या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 04/08/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.8699142824,9755147130 ), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलान्यस प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।

दिनांक : 08/07/2026, स्थान : जबलपुर — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# INDIAN NAVY
## COMBAT READY COHESIVE AATMANIRBHAR







## JOIN AS SHORT SERVICE COMMISSION OFFICERS FOR VARIOUS ENTRIES
### COURSE COMMENCING - JUN 2027 (AT 27)

Scan this QR Code to Apply Online

Online applications are invited from unmarried men & women candidates for grant of Short Service Commission in Executive, Education and Technical Branches at Indian Naval Academy (INA), Ezhimala, Kerala.

**DATE OF OPENING – 25 JUN 26 | LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION – 27 JUL 26**

**EMPLOYMENT NEWS DATED 27 JUNE 2026**

| Branch / Cadre | Vacancies | Gender |
|---|---|---|
| Executive Branch {GS(X)}/Hydro Cadre} | 90 (including 10 Hydro) | Men and Women {maximum of 10 vacancies in GS (X) and 02 vacancies in Hydro for women} |
| Pilot | 25 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Naval Air Operation Officer (Observers) | 18 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Air Traffic Controller | 15 | Men and Women |
| Logistics | 10 | Men and Women (maximum of 02 vacancies for women) |
| Naval Armament Inspectorate Cadre (NAIC) | 14 | Men and Women |
| Education | 13 | Men and Women |
| Engineering Branch {General Service (GS)} | 24 | Men and Women (maximum of 04 vacancies for women) |
| Submarine Tech Engineering | 08 | Only for Men |
| Electrical Branch {General Service (GS)} | 32 | Men and Women (maximum of 05 vacancies for women) |
| Submarine Tech Electrical | 08 | Only for Men |
| Naval Constructor | 18 | Men and Women |

CBC 10701/13/0016/2627

For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in

**Safeguarding Seas for a Viksit Samriddha Bharat**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छग में अब 15...

में सीटों की अनुमति के लिए भेजे गए आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया था। एनएमसी ने जो कमियां बताई थीं, उन्हें दूर करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से पुनः आवेदन किया गया, जिस पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्वीकृति प्राप्त हुई। **00 पांच निजी कालेजों में 900 सीट, एक कतार में** : - राज्य में वर्तमान में पांच निजी मेडिकल कालेज है जहां एमबीबीएस की कुल 900 सीटें है। इन्हें मिलाकर राज्य में एमबीबीएस के सीटों की संख्या 3500 हो चुकी है। आने वाले दिनों में नवा रायपुर में एक अन्य निजी मेडिकल कालेज 100 सीटों के साथ खोलने की तैयारी है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मेडिकल कालेज होने के बाद स्वास्थ्य सेवा के संचालन में डाक्टरों की कमी होने का कारण समाप्त हो जाएगा। नए कालेजों में आने वाले दिनों में पीजी की सीटों का भी इजाफा होगा जिससे ज्यादा विशेषज्ञ डाक्टर बन सकेंगे।

### चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य...

छत्तीसगढ़ के आदिवासी वनांचल कुनकुरी (जशपुर) तक नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन सरकार विकास के अवसरों को प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन ला रही है। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के प्रति समस्त छत्तीसगढ़वासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताते हुए कहा है कि पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न सिर्फ स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

### छग विस में राम...

में योगदान दिया है इसलिए यह मुद्दा चर्चा के लिए प्रासंगिक है। चरणदास महंत ने कहा, विधानसभा के सदन ने 2024 में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर आभार व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था और सदन में इस मामले पर चर्चा भी हुई थी।

### भूपेश बघेल ने...

इस पर कड़ी आपत्ति जताई। बहस के बाद दोनों पक्षों के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने भूपेश बघेल से पूछा कि आपने कितना पैसा दिया है? श्री बघेल ने चेक क्रमांक बताते हुए कहा, राम जन्मभूमि ट्रस्ट को एक लाख 21 हजार रुपए दिया है।

### हरिभूमि-आईएनएच...

कार्यक्रम का आयोजन आगामी 19 जुलाई को शहर के रायपुर नाका स्थित एबीस ग्रीन होटल में दोपहर दो बजे से किया जाएगा। इस आयोजन में पांच राउंड में शहर सहित जिले के विकास को लेकर चर्चा की जाएगी। जिसमें जनप्रतिनिधि, पुलिस-प्रशासन, समाजसेवी, उद्योगपति, व्यापार सहित सभी क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। आयोजन में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक भोलाराम साहू, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व विधायक छन्नी साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन यादव, शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, उद्योगपति बहादुर अली, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी, शिक्षाविद नीरज बाजपेयी, उद्योगपति सुनील मुंदड़ा, उद्योगपति सुनील अग्रवाल, चिकित्सक डॉ. प्रकाश खुंटे, चेंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष कमलेश बैद, कैट अध्यक्ष राजू डागा शामिल होंगे। इसके साथ ही जिले के कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं एसपी अंकिता शर्मा से भी जिले को लेकर चर्चा की जाएगी।

### बाल संप्रेक्षण गृह...

का आरोप है कि आरोपियों ने नरेंद्र कुमार खाण्डे के हाथ-पैर चादर से बांध दिए, उनके साथ बेरहमी से से उसके साथ मारपीट कर गला दबाया गया और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह समेत जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उसके बाद फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वायड की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाया। हत्या की सनसनीखेज वारदात से पुलिस प्रशासन में हड़कप मचा रहा। शाम तक आरोपी पकड़े नहीं गए थे। घटना की सूचना मिलते ही सरकंडा थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। फरार चारों अपचारी बालकों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। **तखतपुर का रहने वाला था मृतक**: - मृतक तखतपुर क्षेत्र के अरईबंद निवासी नरेंद्र कुमार खांडे (40) पिछले लगभग एक वर्ष से बाल संप्रेक्षण गृह में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मौके पर मौजूद परिजनों ने विभागीय अधिकारियों पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि नरेंद्र कुमार खाण्डे लंबे समय से अपने तबादले के लिए आवेदन कर रहे थे, लेकिन विभाग ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते उनका तबादला कर दिया जाता, तो शायद यह घटना नहीं होती। परिजन ने मुआवजे के साथ साथ आश्रित को नौकरी देने की मांग की है।

### भारत की बेटियों...

कप्तान कपिल देव की अगुवाई में 1986 में आई थी, जब भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद एमएस धोनी की कप्तानी में भारत 2014 में 95 रन से जीता तो विराट कोहली के नेतृत्व में 151 रन से 2021 में जीत दर्ज की। वहीं, अब भारत ने हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में 270 रनों के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की है, जो रनों के हिसाब से सबसे बड़ी है।

### हाईकोर्ट ने पूछा-...

मामले में तीन महीने में विभागीय जांच पूरी कर कार्रवाई करने की बात कही गई है। मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर के पहसे सप्ताह में होगी। यह पूरा मामला बसना ब्लॉक के रोहिणी गांव की छात्रा नीता जगत के साहस से जुड़ा है। नीता, जो स्वयं सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा है, उसका परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद स्कूल, भंवरपुर में था। परीक्षा के दौरान जब उसने देखा कि शिक्षक स्वयं छात्रों को उत्तर लिखवा रहे हैं और मोबाइल का खुलेआम उपयोग हो रहा है, तो उसने चुप रहने के बजाय सबूत जुटाने का निर्णय लिया। नीता ने स्टिंग ऑपरेशन के जरिए नकल की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया। छात्रा का सवाल था कि अगर इस तरह नकल होगी, तो ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्र क्या करेंगे।

### झूठे पॉक्सो केस...

ने कहा कि 'जब किशोर लड़कियां अपने प्रेमी के साथ भाग जाती हैं, तो माता-पिता अक्सर अपनी तथाकथित 'इज्जत/प्रतिष्ठा' बचाने के लिए आपराधिक कानूनी कार्रवाई का सहारा लेते हैं।' जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि 'राज्य किसी लड़की और लड़के के भागने को कैसे रोक सकता है? उन्होंने यह भी कहा कि 15 से 18 साल की उम्र संवेदनशील होती है और यह नई चीजें आजमाने या अनुभव करने की उम्र है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या यह वाकई पॉक्सो का मामला बनता है?' सुप्रीम कोर्ट ने किशोरों की निजता के अधिकार से जुड़े एक स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की सुनवाई करने के दौरान यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2023 के एक विवादित फैसले के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया था, जिसमें किशोर लड़कियों से कहा गया था कि वे रिश्तों में पड़ने के बजाय अपनी यौन इच्छाओं पर 'काबू' रखें। बाद में, किशोरों की निजता के अधिकार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज होने और कई निर्देश जारी होने के बाद, 2024 में शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया था।

### सीबीआई की टीम...

भर के अंदर ही 13 जुलाई को सुबह दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस से सीबीआई की टीम बैकुण्ठपुर रोड रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से टीम चरचा कॉलरी के पंचवटी अतिथि गृह में ठहरने के बाद कोरिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, जहां अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेने के पश्चात तीन वाहनों से घटना स्थल ग्राम नौगई के लिए रवाना हुई। सूत्रों के अनुसार सीबीआई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरजीत सच्चन के नेतृत्व में डीएसपी, 2 टीआई सहित 6 विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी जुटाई। **सरकार ने दी थी मंजूरी**-कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में राज्य सरकार ने सीबीआई से जांच कराने की सहमति बीते 30 जून को दे दी थी। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने पीड़ित परिवार से चर्चा की थी, जिसके बाद सरकार की ओर से सीबीआई जांच की सहमति दे दी गई थी। विदित हो कि इस जघन्य हत्याकांड के बाद शुरूआत से ही परिजन सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। **सोनहत थाने में दर्ज है मामला**-कोरिया जिले के सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम नौगई में हुए तिहरे हत्याकांड मामले में अब तक कुल 12 आरोपी जेल दाखिल करा दिए गए हैं। मामले में प्रार्थी आदित्य सिंह पिता स्व. भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह निवासी महलपारा बैकुंठपुर की सूचना पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 66/2026 के तहत धारा 190, 191(2), 191(3), 109, 324, 103(1), 326(जी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।


**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स.क्षे.मस्तुरी/32-1/2025-26/2198 — रायपुर, दिनांक 10/07/2026,

**ई-प्रोक्यूरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर जिला बिलासपुर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 22.07.2026, फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 27.07.2026

| क्र | कार्य का नाम/स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर क्षेत्रांतर्गत वि.ख. मस्तुरी के ग्राम पंचायत ध्रुवाकारी, भिलाई, केवतरा, खाड़ा, में सी.सी. रोड़ एवं ग्राम पंचायत चिस्दा, लिमतरा, सरगवां में सामुदायिक भवन तथा ग्राम पचांयत ईटवा, खाड़ा, किसान परसदा, शिवटीकारी, कौडीया, धनगवां (02 स्थान) हरदाडीह, सुलौनी, गोपालपुर, भटचौरा, लिमतरा, पाराघाट, मटिया, बहतरा (02 स्थान) पेण्ड्री, रलिया, भदौरा, हिरीं, मानिकचौरी, जैतपुरी, भुरकुण्डा, लोहर्सी, गोडाडीह (02 स्थान) बेलटुकरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 222.95 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 एवं भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर । |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर जिला बिलासपुर
सही/- भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर जिला बिलासपुर
स. 48440



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**
E-mail-eemohla-phe@cg.gov.in
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

//ई-प्रोक्योरमेंट//
**निविदा आंत्रण सूचना (रिस्क एंड कास्ट)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- "अ" में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला मानपुर-अं.चौकी के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में रिस्क एवं कास्ट में अधूरे छोडे कार्य जिसमें UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, सलग्न शेड्युल अनुसार) की निविदाए दिनाक 10.07.2026 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 17.07.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 31.07.2026 (शाम 5:30 बजे) तक है।

निविदा में जारी एस.ओ.आर. PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | योजना/ग्राम का नाम | निविदा की लागत (रू.लाख में) | निविदा आंमत्रण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 40 | 195219 | मोहला | मरकाटोला, धनेगांव | 19.36 | द्वितीय |
| 2 | 41 | 195224 | मानपुर | खुर्सेखुर्द | 29.80 | द्वितीय |
| 3 | 42 | 195226 | मानपुर | परालझरी | 31.06 | द्वितीय |
| 4 | 43 | 195227 | अं.चौकी | खुर्सीटिकुल | 38.38 | द्वितीय |
| 5 | 44 | 195228 | मानपुर | भर्रीटोला, ईरागांव, कहगांव | 46.83 | द्वितीय |
| 6 | 45 | 195229 | मानपुर | चवेला, साल्हे, फूलकोड़ो | 56.24 | द्वितीय |
| 7 | 46 | 195230 | मानपुर | खड़गांव, भटगांव | 56.29 | द्वितीय |
| 8 | 47 | 195231 | मोहला | भालापुर | 7.75 | तृतीय |
| 9 | 48 | 195232 | मानपुर | गोटुलमुंडा | 21.51 | चतुर्थ |
| 10 | 49 | 195235 | मानपुर | कनेली, कोरकट्टी, हनईकलकला | 21.53 | चतुर्थ |
| 11 | 50 | 195236 | मोहला | बोदाल, जोबटोला, दनगढ़, कुम्हली | 111.39 | चतुर्थ |
| 12 | 51 | 195237 | चौकी | कातुलवाही | 28.03 | पंचम |
| 13 | 52 | 195238 | चौकी | पांगरी, खैरी, मांझीटोला | 52.82 | पंचम |
| 14 | 53 | 195239 | चौकी | मुंजाल, झिटिया, खड़खड़ी | 61.38 | पंचम |
| 15 | 54 | 195240 | मोहला | शेरपार, ककईपार, चांपाटोला | 72.28 | पंचम |

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
जी-262702074/2



Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769



epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100


## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-बॉयज हॉस्टल में चौकीदार एवं पुस्तक दुकान में कार्य हेतु युवक चाहिए (ड्राइविंग लाइसेंस हो) वेतन 9000 पता- देवांगन बुक स्टाल E-15 सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स शिव टॉकीज रोड, बिलासपुर 6262227355 **(41410)**

**आवश्यकता है**-घरेलू सभी कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- रामा वर्ल्ड न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9967299365 **(41408)**

**आवश्यकता है**-एक एक्सपर्ट ड्राईवर की आवश्यकता है जो क्रेटा और वैगनर ऑटोमैटिक चला सके। सम्पर्क करें- अग्रवाल, प्रियदर्शिनी नगर बिलासपुर 9300416538 **(41414)**

**आवश्यकता है**-कपड़े के थोक दुकान में कार चलाने हेतु कुशल ड्राईवर एवं दुकान में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- लोक चंद संस करबला रोड बिलासपुर 91090 77989 **(41412)**

**आवश्यकता है**-एकाउंटेंट की आवश्यकता है टैली एवं एमएस ऑफिस में काम करने का 5वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए अपने रिज्यूम के साथ आना आवश्यक है। सैलरी योग्यता अनुसार पता- आरजे बायोएनर्जी प्राइवेट लिमिटेड पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9009658885 **(41413)**

**आवश्यकता है**-नर्सरी से 12वीं पढ़ाने हेतु टीचर्स एवं साफ सफाई हेतु महिला आया चाहिए। सम्पर्क करें- संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने, बाजार के पास, उसलापुर 7440549466, 9098546135 **(41411)**

**आवश्यकता है**-ऑन लाईन, आफ लाईन मार्केटिंग काम के लिये 12वीं पास व्यक्ति की आवश्यकता है आय 21000 महिना (नोट- नियम, शर्ते लागू) सम्पर्क करें- संचालक राधा कृष्ण सेवा संस्थान बिलासपुर 9926185232 **(41416)**

**आवश्यकता है**-स्कूल में कक्षा 8वीं तक संस्कृत पढ़ाने हेतु 1पद शिक्षिका की आवश्यकता है। योग्यता ग्रेजुएशन, वेतन- 4000 प्रतिमाह। बायोडाटा सहित अतिशीघ्र स्कूल कार्यालय से सम्पर्क करें- लिटिल मास्टर इंग्लिश मीडियम स्कूल, शिव घाट, पुराना सरकंडा, कोनी रोड, बिलासपुर 9827156510 **(41407)**

**आवश्यकता है**- बेकरी एवं स्वीट्स दुकान में काऊंटर सेल्समैन, स्टोर कीपर, कार ड्राइवर चाहिए। अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- बेकर्स फार्म, शरण साइकिल के बाजू में, डोमिनोज के सामने, बिलासपुर 78038 8885, 9617611110 **(41396)**

**आवश्यकता है**-हाउस हेल्प कम कुक (सुबह 8बजे से शाम 7बजे) स्टोर मैनेजर, इलेक्ट्रीशियन, स्वीपर एवं महिला सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता। कार्य स्थल- जरहाभाठा, बिलासपुर सम्पर्क- 62643 15731 **(41399)**

**Wanted**-Graduate and Experienced Teacher to Teach Computer and Pre Primary teacher, Aaya And Drivers. Address- Krishna Public School Raj kishore Nagar Bilaspur 8109912431, 9340772866, 93407 67474 **(4156)**

**आवश्यकता है**-पेट्रोल पंप हेतु अनुभवी स्टाफ चाहिए। केवल पेट्रोल पंप में पूर्व कार्य अनुभव रखने वाले लड़के ही सम्पर्क करें। आकर्षक वेतन। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 8982390812, 79878 84236 **(41394)**

**आवश्यकता है**-थोक जूता चप्पल दुकान में सेल्समैन तथा पैकिंग कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (सम्पर्क समय 12बजे से शाम 5बजे तक) सम्पर्क करें- 7000941144 **(41390)**

**आवश्यकता है**-डेयरी में काम करने हेतु राऊत चाहिए उनकी फेमिली को भी यहां काम मिलेगा। सर्वसुविधा युक्त कवार्टर मिलेगा। रोजी- प्रतिदिन राऊत 400/- रेजा 250/- सम्पर्क करें- 95753 02419 **(41389)**

**आवश्यकता है**-एम्बियंस इंफ्रा ग्रुप बिलासपुर को आवश्यकता है साइट सिविल सुपरवाइजर- 2 पद अनुभव- न्यूनतम 7 साल वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7610320000, 70498 10000 **(41381)**

**आवश्यकता है**- तायलटेक ऑफिस में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियां (योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट), सफाई हेतु लड़के/ लड़कियां चाहिए (कार्य समय- 8घंटे) पता- तायलटेक, दीनदयाल पार्क के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7987498938, 7697693000 **(41404)**

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के चाहिए जिसे busy software में कार्य करने का 2 से 3वर्ष का अनुभव हो। सम्पर्क करे- सुबह 11 से 2बजे कम्प्यूटर सर्विस लाइन, इन्दू चौक बिलासपुर 99772 98333 **(41398)**

**आवश्यकता है**-कार वॉशिंग गैराज में कार्य करने हेतु हेल्पर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। सैलरी अनुभव के अनुसार। सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, स्मार्ट रोड, बिलासपुर 7974332986 **(41406)**

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने हेतु लड़कों एवं हेल्पर की आवश्यकता है। आधार सहित सम्पर्क करें- श्रीबजाज ट्रेडर्स मंगला चौक के पास CLC प्लाजा के सामने रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 7000727385 **(41400)**

**आवश्यकता है**-एक बहुमंजिला निर्माणाधीन भवन में कार्य करने हेतु सिविल सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 91119 13566 **(41385)**

**आवश्यकता है**-मेडिकल सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़कियों (योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट) एवं साफ सफाई हेतु लड़कियों की आवश्यकता है (कार्य समय 10घंटे) पता- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 **(41405)**

**आवश्यकता है**-अंकुर डेलीनीड्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रिंग रोड नं-2 गौरव पथ भाटिया पेट्रोल के पास बिलासपुर 8085813131 **(41395)**

**आवश्यकता है**-चाय पत्ति में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग, अन लोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है सम्पर्क करें- ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 07714075490 **(883)**

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन साईट हेतु अनुभवी स्टोर मैनेजर, जेसीबी हेतु अनुभवी ड्राइवर एवं ऑफिस वर्क के लिए युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन्स बिलासपुर 7974086925, 9907925045 **(41403)**

**आवश्यकता है**-मशरूम स्पान (बीज) बनाने हेतु 10वीं पास 18 से 25वर्ष के लड़के एवं लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- श्याम मशरूम एण्ड एग्रो, अशोक नगर चौक, सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 8085730725 **(41383)**

**आवश्यकता है**-(1) ट्रान्सपोर्ट मैनेजर (जो सभी गाड़ियों का पूर्ण मैनेजमेंट करे) (2) मेन्टेन्स सुपरवाइजर (जो ट्रकों के पूर्ण रखरखाव का अनुभवी हो) (3) ट्रक ड्राइवर (जो ट्रेलर 14 चक्का गाड़ियां चलाने का कम से कम 5वर्ष का अनुभव हो) सम्पर्क करें- विशाल मोटर्स 7000470116 7974174906 **(41360)**

**आवश्यकता है**-तत्काल भर्ती सुरक्षागार्ड 25, ड्राइवर 10, फिल्ड ऑफिसर 10 बाइक अनिवार्य, वेतन- 11000 से 18000+ रहना फ्री, साईट बिलासपुर, भूपदेवपुर पता- शॉप नं.-210 फर्स्ट फ्लोर बालाजी प्लाजा 8461881110, 9111000881, 88898 23100 **(41295)**

**आवश्यकता है**-प्रतिष्ठित दवाई दुकान में काम करने हेतु पुरुष फार्मासिस्ट/ नान फार्मासिस्ट कर्मचारियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8959828335 **(41352)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM To 4.00 PM**

## बेचना

**बेचना है**-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, खमतराई में 1 BHK LIG मकान बेचना है कीमत 22 लाख, सम्पर्क करें-9770128995 **(41387)**

**बेचना है**-हेमू नगर चन्द्रा चौक बिलासपुर में डबल स्टोरी मकान बेचना है (प्लाट साईज 1550 वर्गफीट बिल्ट अप 3247 वर्गफीट 4हाल, 5बेडरूम, 2किचन, 2पूजा 5लेटबाथ) सम्पर्क करें- 8085955932 **(41397)**

**बेचना है**-दीनदयाल कॉलोनी मंगला से लगा हुआ 2BHK नवनिर्मित मकान सी.सी. रोड, बिजली, पानी, नाली, सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 7879922408, 79745 34322 **(41415)**

**बेचना है**-कोरबा- ऊरगा मुख्य मार्ग पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बरबसपुर में एक LIG फ्लैट मध्य तल का बेचना है सम्पर्क करें- 9425283727, 94241 65378 **(41409)**

**बेचना है**-व्यापार विहार रोड स्थित महिमा कॉम्प्लेक्स में 625 वर्गफुट डबल फ्लोर शॉप बिक्री हेतु प्राइम लोकेशन, शानदार फ्रंटेज, चौड़ी सड़क व्यवसाय व निवेश के लिए उत्कृष्ट, तत्काल पजेशन, सम्पर्क करें-8982390812 7987884236 **(41393)**

## ज्योतिष

**ज्योतिष**- निःशुल्क छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार देखइया बईगा चमत्कारी काली माई की शक्ति से आर्थिक मानिसक शारीरिक सब्बो समस्या के समाधान बर एक बेर जरूर मिलव सम्पर्क करें- मो. 8461886239 **(884)**

## किराया

**किराया**-मंगला लोखंडी रोड में नव निर्मित 10 कमरे अटैच बाथरूम जो कि लॉज के लिए उपयुक्त है किराये पर देना है सम्पर्क करें- 98261 22148 **(41392)**

**किराया**-2 और 4 व्हीलर पार्किंग एवं 24घंटा पानी, 1BHK, 400 वर्गफुट आंगन की सुविधाओं सहित वेयर हाउस रोड में शाकाहारी परिवार को किराये से देना है सम्पर्क करें-9893025684 (अग्रवाल) **(41388)**


## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारम्भ**-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे B.Ed, B.A, B.Com, B.Sc, Bca, Mca, Bba, Llb M.A, M.Com, M.Sc, Mba, Msw, B.Lib, M.Lib, Dca, Pgdca, Polytechnic, B.tech M.tech अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sec.-6, Bhilai 98261 96515, 9826896515 **(4157)**


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां


## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला-मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

# चार दिग्गज टीमें, चार सुपरस्टार, सेमीफाइनल में होगा हाई-वोल्टेज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

फ्रांस जब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में स्पेन का सामना करेगा तो दिग्गज खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे और युवा स्ट्राइकर लामिन यामल के बीच रोचक जंग देखने को मिल सकती है। इसी तरह से अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में दो अनुभवी खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और हैरी केन आमने-सामने होंगे।

इस बार के सेमीफाइनल मैच कुछ मामलों में अनूठे हैं। चार पूर्व चैंपियन और दुनिया की चार शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें अंतिम चार में पहुंची है। सर्वाधिक गोल करने वाले छह खिलाड़ियों में से पांच मैदान पर दिखाई देंगे। एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी (मेस्सी) आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा फुटबॉल की सबसे कड़वी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक भी सेमीफाइनल में देखने को मिलेगी।

### आज फ्रांस और स्पेन और कल इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना में भिड़ंत

फ्रांस मंगलवार को टेक्सास के अर्लिंगटन में स्पेन से भिड़ेगा और इंग्लैंड बुधवार को अटलांटा में अर्जेंटीना का सामना करेगा। ऐसा 1990 के बाद से पहली बार हुआ है कि विश्व कप के अंतिम चार में सभी टीमें पूर्व चैंपियन हों। अगर फ्रांस और अर्जेंटीना दोनों ही फाइनल में पहुंचते हैं, तो इस साल 2022 के फाइनल की पुनरावृत्ति भी हो सकती है।







### फ्रांस बनाम स्पेन

फ्रांस और स्पेन किसी बड़ी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में फिर से आमने-सामने होंगे। यह दोनों टीम दो साल पहले यूरोपीय चैंपियनशिप में एक दूसरे से भिड़ी थीं। स्पेन ने उस मैच में 2-1 से जीत हासिल की थी। उस मैच में यामल ने गोल किया था, जो तब 16 वर्ष के थे। स्पेन ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर यूरो कप का खिताब अपने नाम किया। फ्रांस को मौजूदा विश्व कप की सबसे प्रभावशाली टीम माना जा रहा है, जिसकी अग्रिम पंक्ति में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। सबकी निगाह हालांकि एमबाप्पे पर टिकी रहेगी, जिन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक गोल किए हैं। स्पेन को टूर्नामेंट में आने से पहले यामल और साथी विंगर निको विलियम्स की चोटों से जूझना पड़ा। स्पेन को पिछले दो दौर में पुर्तगाल और बेल्जियम को हराने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो के अंतिम क्षणों में किए गए गोल पर निर्भर रहना पड़ा। विश्व कप या यूरो कप में ये दोनों देश कई बार आमने-सामने आ चुके हैं।

### इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना

अर्जेंटीना और इंग्लैंड की प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। इस प्रतिद्वंद्विता में फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुए संघर्ष से जुड़ा तनाव भी शामिल हैं। विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच कई बार तनाव के क्षण आए हैं। विश्व कप 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ तनावपूर्ण क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया था। विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल ने अर्जेंटीना को क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाने में मदद की, जिसके चलते अर्जेंटीना ने ट्रॉफी जीती। मेस्सी पर सबकी नजर रहेगी, जो संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे हैं। यह विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ उनका पहला मैच होगा। अगर मेस्सी अर्जेंटीना को खिताब दिला देते हैं, तो वह अपने देश के लिए दो विश्व कप जीतकर महान माराडोना को पीछे छोड़ देंगे। इससे अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दो बार चैंपियन बनने वाला पहला देश भी बन जाएगा।

महिला टेस्ट क्रिकेट में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हराया

# हरमन स्क्वॉड ने लॉड्र्स में रचा इतिहास इंग्लिश टीम को घर में दी करारी शिकस्त




ऑफ स्पिनर स्नेह राणा के 4 विकेट की बदौलत भारत ने प्रतिष्ठित लॉड्र्स मैदान पर खेले गए पहले महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे और अंतिम दिन इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया।

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत को एकमात्र टेस्ट के अंतिम दिन जीत के लिए 4 विकेट की दरकार थी और स्नेह (42 रन पर 4 विकेट) की अगुआई में मेहमान टीम ने इंग्लैंड को 62.5 ओवर में 186 रन पर समेटकर मुकाबला अपने नाम किया। सयाली सतघरे (24 रन पर 2 विकेट), दीप्ति शर्मा (36 रन पर 2 विकेट) और क्रांति गौड़ (54 रन पर 2 विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऐमी जोन्स 80 गेंद में 54 रन बनाकर इंग्लैंड की ओर से शीर्ष स्कोरर रही जबकि अंतिम बल्लेबाज के दौरान पर आउट होने वाली सोफी एकलेस्टोन ने 50 रन की पारी खेली।



### भारतीय गेंदबाज रहीं हावी

इंग्लैंड ने अंतिम दिन की शुरुआत 6 विकेट पर 130 रन से आगे खेलते हुए की और 90 मिनट से अधिक बल्लेबाजी की लेकिन आखिरकार भारतीय गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। भारत ने मेजबान टीम के सामने 457 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। ऐमी अंतिम दिन आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रहीं। उन्हें स्नेह ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। क्रांति की गेंद पर दो जीवनदान पाने वाली एकलेस्टोन ने इजी वोंग (33 गेंद में एक रन) के साथ मिलकर भारत के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सकीं। दीप्ति ने वोंग और लॉरेन बेल (00) को बोल्ड करके भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

### रेड बॉल क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा

रेड-बॉल क्रिकेट में भारत का दबदबा कायम है। जीत का यह पल पिछले कुछ दिनों में भारत के शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पिछले 11 टेस्ट मैचों में टीम ने सात जीत हासिल की हैं, तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और सिर्फ एक में हार मिली है। इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का यह 11वां टेस्ट मैच था। वह इंग्लैंड में इस फॉर्मेट में अब भी अजेय है।

### यास्तिका और क्रांति का नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज

भारत के लिए इस मैच में यास्तिका भाटिया ने शतक लगाया और क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लेकर अपना नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज करवाया। दोनों महिला क्रिकेट में यहां ऑनर बोर्ड पर नाम दर्ज करवाने वाली पहली महिला क्रिकेटर्स हैं। मैच में यास्तिका भाटिया दूसरी पारी में 113 रन बनाकर स्टार बनीं, स्मृति मंधाना 153 रन (83,70) बनाकर इस मैच की टॉप स्कोरर रहीं।

### तेंदुलकर और जय शाह रहे स्टेडियम में मौजूद



दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय टीम को महान सचिन तेंदुलकर से प्रेरणादायक बातें सुनने को मिलीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह भी तेंदुलकर के साथ स्टैंड से मैच देख रहे थे और बाद में उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। यह इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ियों टैमी ब्यूमोंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट का विदाई मैच भी था।

क्रिकेट

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए गिल नामित



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के साथ बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसाद्देक हुसैन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जून महीने के 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज के दौरान जबरदस्त फॉर्म में थे और उन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में टीम की अगुवाई की।

इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने महीने की शुरुआत न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी से जीत के दौरान शानदार 126 रन बनाकर की थी, जो उनके टेस्ट करियर की 11वीं सेंचुरी थी। गिल ने अपनी शानदार फॉर्म को वनडे सीरीज में भी जारी रखा, जहां उन्होंने सिर्फ दो पारियों में 238 रन बनाए। धर्मशाला में खेले गए पहले वनडे में नाबाद 84 रन बनाने के बाद, गिल ने लखनऊ में 154 रन जड़े थे।

### बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन की शानदार वापसी

दूसरी तरफ, बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन ने चार साल के अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार वापसी की। इस ऑलराउंडर को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बांग्लादेश की ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। हुसैन ने पहले मैच में नाबाद 86 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल किए थे। वह सीरीज में 157 रनों के साथ अपनी टीम के टॉप स्कोरर रहे। वहीं, स्मिथ को इंग्लैंड में यादगार 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत दिलाने के लिए न्यूजीलैंड के कमजोर पेस बॉलिंग अटैक की अगुवाई करने का इनाम मिला। स्मिथ ने सीरीज में सर्वाधिक 16 विकेट लिए। इस दौरान लॉड्र्स में 70 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए थे।

## खबर संक्षेप

### 14 अगस्त से यूपीटी20 रैना ब्रांड एंबेसडर

**कानपुर।** कानपुर और लखनऊ में होने वाले यूपी टी20 लीग का चौथा सत्र 14 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें कुल 34 मैच खेले जाएंगे। आयोजकों ने घोषणा की कि 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 13 दिन दो-दो मैच खेले जाएंगे।



लीग में छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इसके लिए मिनी नीलामी 24 जुलाई को आगरा में की जाएगी। टूर्नामेंट का पहला चरण लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद के मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना यूपीटी20 लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रहेंगे।

### एवियन चैंपियनशिप : संयुक्त 56वें स्थान पर अदिति

**एवियन ले बेंस।** गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 74 के लचर प्रदर्शन के साथ 2026 आमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की हेइ रेन रयु ने पहले प्ले ऑफ में बर्डी पट के साथ लगातार दूसरा मेजर खिताब अपने नाम किया।



शुरुआती तीन दौर में 70, 70 और 69 के स्कोर के साथ अदिति के पास अच्छा नतीजा हासिल करने का मौका था लेकिन वह अंतिम होल में पांच बोगी और दो बर्डी से तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं।

# आज से जापान ओपन, सात्विक-चिराग पर नजरें

एजेंसी ▶▶| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी चोट से उबरने के बाद मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाले जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की अगुवाई करेगी। पिछले महीने सात्विक की कंधे की चोट के बढ़ जाने के बाद यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से हट गई थी। सात्विक और चिराग अब सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के बाद वहीं से शुरुआत करने के लिए तैयार होंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से होगा।



### भारत का दारोमदार लक्ष्य, सिंधू और आयुष शेट्टी पर

एकल में भारत का दारोमदार एक बार फिर लक्ष्य सेन, पीवी सिंधू और आयुष शेट्टी पर टिका होगा। इस साल की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य जापान के कोकी वातानाबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।आयुष को अपने पहले मुकाबले में थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन कुनलावत विटिडसर्न के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### सिंधू, मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी

सिंधू महिला एकल में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी, जबकि उन्नति हुडा अपने पहले मैच में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन का सामना करेंगी। हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन पुरुष युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन का सामना करेंगे। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो तथा रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी इस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगी।

# मायूसी के बाद वनडे में रोहित-कोहली पर टिकी करोड़ों उम्मीदें



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

*दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में न केवल खुद के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा, बल्कि टी20 में लगातार हार से आहत भारतीय टीम के मनोबल को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कोहली, रोहित और जसप्रीत बुमराह उस प्रारुप में खेलने के लिए वापसी कर रहे हैं जिसमें द्विपक्षीय मैचों का महत्व और चमक टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते खोती जा रही है।लेकिन 39 वर्षीय रोहित और जल्द ही 38 वर्ष के होने वाले कोहली में अब भी जोश और जुनून बरकरार है। वह अब भी वनडे की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल है और उनका लक्ष्य अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना है।*

### बुमराह की वापसी से मिलेगी मजबूती

गेंदबाजी इकाई के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जिसे बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी।

# एक युग का हुआ अंत, 18 साल बाद सुपर किंग्स से अलग हुए फ्लेमिंग

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद लंबे समय से टीम के मुख्य कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग से अलग होने का फैसला किया है। फ्लेमिंग पहली बार 2008 में आईपीएल के उद्घाटन सत्र में एक खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए थे। वह 2009 से टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे थे।

### सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब : फ्लेमिंग

फ्लेमिंग ने कहा, 'खेल जगत में 18 साल लंबा समय होता है। मैं इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया मेरा समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे महत्वपूर्ण दौर रहा है। इस बीच हमने जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है।' उन्होंने कहा, 'हमने साथ मिलकर अविस्मरणीय जीत का जश्न मनाया, मुश्किल पलों का सामना किया और ऐसी यादें बनाईं, जिन्हें मैं ताउम्र संजोकर रखूंगा। सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी और मैं आने वाले वर्षों में भी टीम का हौसला बढ़ाता रहूंगा।'

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

शुद्धिपत्र

**निविदा सूचना सं. : सीकेपी–जीएस–एडीडी–26–27–7,** जो कि पूर्व में मुख्य परियोजना प्रबंधक/जीएसयू, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा प्रकाशित की गई थी, **उक्त निविदा के बंद होने एवं खुलने की तिथि** प्रशासनिक कारणवश **बढ़ाकर 29.08.2026 को 12.00 बजे तक की जाती है।** अन्य पहलू पूर्व प्रकाशित अनुसार अपरिवर्तित रहेंगे। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **(PR-467/C)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 295/न.पा.नि./ लोनिवि/26–27 अम्बिकापुर दिनांक 13/07/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो (System Tender No. 195041, 195042, 195050, 195052, 195054 & 195056) हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**

**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**केंद्रीकृत रोजगार सूचना ( सीईएन ) संख्या 03/2026**

संकेतात्मक सूचना

नीचे दी गई तालिका में दिए गए सेक्शन कंट्रोलर के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **14.08.2026** है । सभी प्रकार के पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए ।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

आवेदन शुरू होने की तिथि : **15/07/2026**
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : **14/08/2026 (23:59 hrs)**

| पद का नाम | 7 वे सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक (₹) | चिकित्सा मानक | शैक्षणिक योग्यता | 01.07.2026 को आयु | कुल रिक्तियां (आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सेक्शन कंट्रोलर | 6 | 35400 | A2 | विस्तृत सीईएन के अनुसार | 20-33 | 119 |

1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपनी प्राथमिक जानकारी का सत्यापन 'आधार' के माध्यम से करें, ताकि भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में 'गैर–आधार सत्यापित' आवेदनों की विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा और देरी से बचा जा सके ।
2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए, आधार में नाम और जन्मतिथि को दसवीं कक्षा पास प्रमाण पत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि के साथ 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाएगा। इसी तरह, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस) के साथ अपडेट करना होगा।
3. यह अधिसूचना पूरी तरह से सांकेतिक प्रकृति की है। पूर्ण विवरण के लिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले विस्तृत सीईएन संख्या 03/2026 (सेक्शन कंट्रोलर) को अच्छी तरह से पढ़ें। विस्तृत सीईएन –03/2026 और उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट महत्वपूर्ण सूचना समय–समय पर नीचे सूचीबद्ध आरआरबी की वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

| | | |
|---|---|---|
| Ahmedabad www.rrbahmedabad.gov.in | Guwahati www.rrbguwahati.gov.in | Prayagraj www.rrbald.gov.in |
| Ajmer www.rrbajmer.gov.in | Jammu Srinagar www.rrbjammu.nic.in | Ranchi www.rrbranchi.gov.in |
| Bhopal www.rrbbhopal.gov.in | Kolkata www.rrbkolkata.gov.in | Secunderabad www.rrbsecunderabad.gov.in |
| Bhubaneswar www.rrbbbs.gov.in | Malda www.rrbmalda.gov.in | Siliguri www.rrbsiliguri.gov.in |
| Bilaspur www.rrbbilaspur.gov.in | Mumbai www.rrbmumbai.gov.in | Bengaluru www.rrbbnc.gov.in |
| Chandigarh www.rrbcdg.gov.in | Muzaffarpur www.rrbmuzaffarpur.gov.in | Gorakhpur www.rrbgkp.gov.in |
| Chennai www.rrbchennai.gov.in | Patna www.rrbpatna.gov.in | Thiruvananthapuram www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| https://rrb.indianrailways.gov.in/ | | |

No .RRB/BCT/ADVT/CEN/03/2026
दिनांक : जुलाई 14, 2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

" दलालों, नौकरी दिलाने वालों और ठगों से सावधान रहें"




भारत के ग्रामीण अंचलों में आज भी ऐसी कई प्राचीन और अनूठी परंपराएं जीवित हैं, जो विज्ञान के इस दौर में भी लोगों के लिए गहरी आस्था का केंद्र हैं। ऐसा ही एक हैरान कर देने वाला नजारा आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में देखने को मिला.

# 108 नारियल, 108 नींबू की माला और घूमता हुआ रहस्यमयी पत्थर

**अमरावती।** जिले के उरावकोंडा कस्बे में स्थित ऐतिहासिक जम्मी अंकलम्मा मंदिर में मानसून की बेरुखी से परेशान किसानों और स्थानीय लोगों ने बारिश की कामना के लिए एक विशेष पूजा-अर्चना की। इस पारंपरिक अनुष्ठान में अविवाहित युवकों द्वारा निभाई गई एक बेहद अनोखी रस्म आकर्षण और कौतूहल का केंद्र बनी रही। फसलों को सूखने से बचाने और क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए उरावकोंडा में पीढ़ियों से चली आ रही एक अनोखी परंपरा का सहारा लिया गया. इस पारंपरिक अनुष्ठान के तहत गांव के सात अविवाहित (कुंवारे) युवकों ने बारिश लाने का कड़ा संकल्प लिया।

## बारिश के लिए यहां 7 कुंवारे लड़के करते हैं ये गजब का टोटका

### ऐसे सजी देवताओं की थाल

इन सातों युवकों ने पूरी निष्ठा के साथ पवित्र जल से भरे 108 पात्र (जल की बोतलें/कलश) उठाए। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित पवित्र शमी वृक्ष और नाग वृक्ष पर विधि-विधान से 108 बार जल अर्पित कर महाअभिषेक किया। वृक्षों और देवताओं के जल अभिषेक के बाद मंदिर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान किया गया, जिसमें 108 के अंक का विशेष महत्व देखा गया। अनुष्ठान के दौरान ज्वार (धान्य) के ढेरों पर एक बिल्कुल नया और पवित्र जलपात्र स्थापित किया गया। इस पात्र को हल्दी, केसर, कुमकुम और सुगंधित फूलों से बेहद खूबसूरती से सजाया गया और विशेष मंत्रोच्चार के साथ देवताओं की पूजा की गई.



### गोल-गोल घूमा युवक!

इस पूरी पूजा का सबसे मुख्य और रोंगटे खड़े कर देने वाला हिस्सा वह अनोखी रस्म थी, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए थे। पूजा संपन्न होने के बाद मंदिर के प्रांगण में ज्वार (अनाज) के दानों को एक बड़े घेरे में फैलाया गया। इसके बाद उस अनाज के बिल्कुल बीचों-बीच पत्थर का एक छोटा और गोल गट्टा (गोल पत्थर) रखा गया। बारिश की मन्नत मांगने वाला एक युवक जैसे ही उस ज्वार के ऊपर रखे गोल पत्थर पर बैठा, वह पत्थर और युवक अपने आप गोल-गोल घूमने लगे। युवक को बिना किसी बाहरी सहारे के पत्थर पर बैठकर तेजी से चक्र की तरह घूमते देख वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए।

### पत्थर घूमेगा, तो झमाझम बारिश होगी

इस चमत्कारी और अनोखी रस्म को लेकर स्थानीय लोगों और बुजुर्गों का विश्वास बेहद दृढ़ है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि यह पत्थर (गट्टा) रीति-रिवाज के अनुसार सुचारू रूप से गोल-गोल घूमता है, तो इसका मतलब है कि देवी जम्मी अंकलम्मा ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली है। लोक मान्यता है कि इस रस्म के सफल होने के बाद क्षेत्र में जल्द ही मूसलाधार और अच्छी बारिश होगी, जिससे खेतों में खड़ी फसलें लहलहा उठेंगी और किसानों के सारे संकट दूर हो जाएंगे।

## रोचक खबरें

### यहां चाव से पी जाती है कीड़ों की वाइन तवे पर सेंक बनाई जाती है शराब!

**बीजिंग।** सोशल मीडिया पर चीन की एक अनोखी और हैरान करने वाली परंपरा वायरल हो रही है। यहां लोग मिट्टी खोदकर कीड़ों को निकालते हैं और उनसे खास तरह की वाइन बनाते हैं। यह देखकर कई लोगों के होश उड़ जाते हैं, लेकिन चीन के कुछ इलाकों में यह पारंपरिक और मेडिसिनल ड्रिंक मानी जाती है। स्थानीय लोग खेतों या जंगलों में मिट्टी खोदते हैं। खास तरह के लार्वा (कीड़े) मिट्टी के अंदर पाए जाते हैं। इन्हें स्ट्रॉ या छोटे औजारों की मदद से गड्ढों से बाहर निकाला जाता है।



फिर इनकी सफाई की जाती है, सुखाया जाता है और पाउडर बनाया जाता है। इस पाउडर को गर्म पानी, चावल की शराब या अन्य अल्कोहल के साथ मिलाकर वाइन तैयार की जाती है। कभी-कभी इन्हें तवे पर हल्का सेंककर भी इस्तेमाल किया जाता है। चाइनीज ट्रेडिशनल मेडिसिन में कीड़ों और लार्वा का इस्तेमाल सदियों से होता रहा है। इन्हें शरीर की ऊर्जा बढ़ाने, इम्यूनिटी मजबूत करने और कुछ बीमारियों के इलाज के लिए फायदेमंद माना जाता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यह वाइन थकान दूर करती है, खून को शुद्ध करती है और स्वास्थ्य लाभ देती है। जब यह वीडियो वायरल हुई तो दुनिया भर के लोग हैरान रह गए। कुछ लोग इसे घिनौना बता रहे हैं तो कुछ लोग सांस्कृतिक विविधता की बात कर रहे हैं। चीन में यह कोई नई चीज नहीं है। कई क्षेत्रों में कीड़े, सांप और अन्य जीवों से बनी चीजें खाई और पी जाती हैं। चीन की खाद्य संस्कृति बेहद विविध है। वहां 'कुछ भी खाया जा सकता है अगर वह पौष्टिक हो' जैसी सोच प्रचलित है। कीड़ों की वाइन भी उसी का हिस्सा है। यह सस्ती और लोकल उपलब्ध सामग्री से बनाई जाती है।

### ये है दुनिया का सबसे स्मार्ट शिकारी जाल लेकर करता है शिकार

**नई दिल्ली।** प्रकृति ने हर जीव को जीवित रहने के लिए खास हथियार दिए हैं। कुछ तेज दांत, कुछ तेज नाखून तो कुछ बुद्धिमानी के साथ पैदा हुए हैं। लेकिन, पेलिकन इन सबसे अलग है। इसे दुनिया के सबसे स्मार्ट शिकारियों में से एक माना जाता है। इसका हथियार है उसकी विशाल चोंच के नीचे मौजूद लचीली थैली जिसे गुलार पाउच कहा जाता है। यह थैली एक बार में 11 लीटर तक पानी भर सकती है। पेलिकन मुख्य रूप से मछली खाने वाला पक्षी है। शिकार के समय यह पानी के ऊपर उड़ता है या सतह पर तैरता है। फिर अचानक गोता लगाकर चोंच खोल देता है। विशाल थैली पानी और मछलियों को एक साथ निगल लेती है। इसके बाद पेलिकन सिर को ऊपर उठाकर अतिरिक्त पानी बाहर निकाल देता है और मछलियों को निगल जाता है। यह प्रक्रिया इतनी तेज और सटीक होती है कि मछली के लिए बच निकलना लगभग नामुमकिन हो जाता है। कई प्रजातियों के पेलिकन टीम में शिकार करते हैं। वे पानी में एक घेरा बनाकर मछलियों को एक जगह इकट्ठा करते हैं और फिर सामूहिक रूप से हमला बोलते हैं। यह टीमवर्क उन्हें और भी खतरनाक बनाता है। पेलिकन की थैली सिर्फ शिकार का साधन नहीं है। गर्म मौसम में यह पंखे की तरह काम करती है। पक्षी थैली को हिलाकर हवा का प्रवाह बढ़ाता है जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। वैज्ञानिक इसे 'नेचर का पर्सनल एयर कंडीशनर' भी कहते हैं। पेलिकन की अन्य खासियत है उसका बड़ा आकार. कुछ प्रजातियों का वजन 10-12 किलोग्राम तक हो सकता है।




## क्लाइमेट चेंज

### 'तेज बुखार' से तप रहा है हिमालय

# मैदानी इलाकों से ज्यादा तप रहे हैं ऊंचे पहाड़, मंडराया बड़ा खतरा!

**नई दिल्ली।** क्लाइमेट चेंज यानी जलवायु परिवर्तन के कारण हमारा हिमालय बहुत तेजी से गर्म हो रहा है। एक नई और चौंकाने वाली स्टडी के अनुसार, बीते दो दशकों में जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में तापमान लगभग 1C तक बढ़ गया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ऊंचे पहाड़ी इलाकों में गर्मी सबसे तेजी से बढ़ रही है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर यह ट्रेंड इसी तरह जारी रहा, तो ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघलेंगे. इससे नदियों का बहाव प्रभावित होगा और हिमालय से निकलने वाली नदियों पर निर्भर रहने वाले करोड़ों लोगों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।



### ऊंचे पहाड़ क्यों हो रहे हैं ज्यादा गर्म?

साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में पब्लिश हुई एक स्टडी में 1980 से 2024 के बीच के मौसम और वायुमंडल के आंकड़ों का बारीकी से एनालिसिस किया गया। आईआईटी खड़गपुर के कोरल डिपार्टमेंट के रिसर्चर्स ने पाया कि जम्मू जैसे मैदानी इलाकों के मुकाबले भद्रवाह, पहलगाम और गुलमर्ग जैसे पहाड़ी शहर बहुत तेजी से गर्म हो रहे हैं।

### रातें हो रही हैं गर्म, पिघल रही है बर्फ

पहाड़ी इलाकों में हर 10 साल में औसत तापमान 0.3C तक बढ़ रहा है। वहीं, मानसून से ठीक पहले रातों का तापमान 0.6C प्रति दशक की रफ्तार से बढ़ रहा है। रातों का गर्म होना सबसे ज्यादा खतरनाक है, इसके पीछे कारण है कि रात में ठंड न होने के कारण बर्फ और ग्लेशियर को जमने का समय नहीं मिल पा रहा है।

### करोड़ों लोगों पर पानी का संकट!

हिमालय को एशिया का वाटर टावर भी कहते हैं, क्योंकि यह उत्तर भारत और आसपास के देशों की कई बड़ी नदियों का सोर्स है। इस तेजी से बढ़ती गर्मी की वजह से-
ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ेंगे और मौसमी बर्फ कम होगी।
अचानक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ेगा।
आने वाले समय में पानी की भयंकर किल्लत हो सकती है।
वैज्ञानिकों का कहना है कि हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र दुनिया के औसत तापमान के मुकाबले कहीं ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से अपील की है कि पहाड़ों पर रहने वाले लोगों को इस संकट से बचाने के लिए तुरंत कड़े कदम उठाए जाएं।

## मौत के बाद भी मुर्दों को नहीं है सुकून, बार-बार खोदी जाती है कब्र



**एंटानानारिवो।** मौत के बाद भी अगर मुर्दों को सुकून ना मिले और हर कुछ सालों में उनकी कब्र खोदी जाए तो? यह कल्पना भारत जैसे देश में सुनकर रोंगटे खड़े हो सकते हैं, लेकिन मेडागास्कर में यह एक प्यारी और सम्मानजनक परंपरा है। यहां के लोग मौत को अंत नहीं, बल्कि जीवन चक्र का एक पड़ाव मानते हैं। मेडागास्कर की सबसे अनोखी परंपरा है फामादिहाना जिसका मतलब होता है हड्डियों को घुमाना या टर्निंग ऑफ द बोंस। इस रिवाज में परिवार के सदस्य साल में एक निश्चित समय पर अपने दिवंगत परिजनों की कब्र खोदते हैं। हड्डियों को निकालकर नए रेशमी कपड़े में लपेटते हैं, घर ले आते हैं। वहां पूरे परिवार के साथ पार्टी, नाच-गाना, संगीत और भोज का आयोजन होता है। मान्यता है कि इससे पूर्वज खुश होते हैं और परिवार को आशीर्वाद देते हैं। इसके बाद हड्डियों को फिर से कब्र में सम्मानपूर्वक रख दिया जाता है। यह परंपरा आमतौर पर 5 से 7 साल में एक बार दोहराई जाती है। मेडागास्कर के मूल निवासी मानते हैं कि आत्मा शरीर छोड़ने के बाद भी परिवार के साथ जुड़ी रहती है। मौत के बाद व्यक्ति कहीं नहीं जाता, बल्कि पूर्वज बनकर परिवार की रक्षा करता है।

# मच्छरों के आतंक से परेशान ब्राजील ने आसमान से छुड़वाए लाखों नए मच्छर

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में डेंगू गंभीर संकट बन गया है। इस साल के शुरुआती दो महीनों में ही यहां 10 लाख से ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं, जो बीते साल के मुकाबले 200% से भी ज्यादा है। रियो डी जेनेरियो सहित ब्राजील के कई बड़े शहरों में हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर गई। अस्पतालों पर दवाब बढ़ गया. अब वैज्ञानिक इस बीमारी को हराने के लिए एक अनोखी बायो-टेक तकनीक की मदद ले रहे हैं। डेंगू के खतरे को रोकने के लिए ब्राजील के कई शहरों में लाखों की संख्या में जेनेटिकली मॉडिफाइड मच्छर हवा में छोड़े जा रहे हैं। पहली बार में यह आइडिया अजीब लग सकता है कि मच्छरों को खत्म करने के लिए और मच्छर क्यों छोड़े जा रहे हैं, लेकिन इसके पीछे का विज्ञान बहुत ही खास है।



इन विशेष मच्छरों को ऑक्सिटेक नाम की एक बायोटेक कंपनी ने लैब में तैयार किया है। लैब में सिर्फ मेल एडीज इजिप्टी मच्छरों को तैयार किया जाता है। इनके अंदर एक ऐसा मोडिफाइड जीन डाला गया है, जिससे पैदा होने वाली फीमेल संतानें वयस्क होने से पहले ही मर जाती है। चूंकि इंसानों को सिर्फ फीमेल मच्छर ही काटती हैं और डेंगू फैलाती हैं, इसलिए इस तकनीक से धीरे-धीरे डेंगू फैलाने वाले मच्छरों की आबादी खत्म हो जाती है। कंपनी के मुताबिक, जिन इलाकों में पहले इसका ट्रायल किया गया था, वहां मच्छरों की आबादी में 90% तक की भारी कमी देखी गई है।

# 30 सेकंड में 195 बार किस करके ब्राजील के इस डॉक्टर कपल ने बनाया अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के एक डॉक्टर कपल ने अपने प्यार को एक अनोखे मुकाम पर पहुंचाते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड) में अपना नाम दर्ज करा लिया है। 32 वर्षीय रेनाटो बायमा गैया और उनकी 33 वर्षीय गर्लफ्रेंड नायरा रोबर्टा रिबेरो डी मारिंस ने महज 30 सेकंड में एक-दूसरे को 195 बार किस (Kiss) करके एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। इस कपल ने यह खास उपलब्धि इंटरनेशनल किसिंग डे के मौके पर हासिल की है।




### हम दुनिया के सबसे बेहतरीन कपल हैं

रेनाटो और नायरा दोनों ही पेशे से डॉक्टर हैं और उन्होंने कोरोना महामारी के मुश्किल दौर में फ्रंटलाइन वर्कर के तौर पर लोगों की जान बचाई है। यह कपल पिछले डेढ़ साल से एक साथ है। एक साथ मिलकर इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने के पीछे उनका मानना है कि वे दुनिया के सबसे बेहतरीन कपल हैं। इसके जरिए रेनाटो अपनी गर्लफ्रेंड नायरा का नाम भी अपने साथ रिकॉर्ड बुक में हमेशा के लिए दर्ज कराना चाहते थे।

### सबसे ज्यादा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले ब्राजीलियाई नागरिक बने

रेनाटो के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराना कोई नई बात नहीं है। ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट रेनाटो खुद को जीत का आदी बताते हैं। वे इससे पहले सबसे तेजी से 10 किताबें सेट करके उन्हें गिराने (महज 6.68 सेकंड) और पैरों को सबसे ज्यादा घुमाने (210.66 डिग्री) का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं। इस नए टाइटल के साथ उन्हें लगता है कि वे सबसे ज्यादा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले ब्राजीलियाई नागरिक बन गए हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, : RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :